| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 73,667.96 |
| निफ्टी | ~ | 22,335.70 |
| सोना | ~ | 60,740 |
| चांदी | ~ | 76,100 |
| डॉलर | ~ | 82.80 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
बुधवार 13 मार्च 2024
फाल्गुन शुक्ल 03 विक्रम सम्वत 2080
वर्ष 15, अंक 172
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


# कांग्रेस की दूसरी लिस्ट जारी, 6 राज्यों के 43 नाम

## नकुलनाथ छिंदवाड़ा से, वैभव गहलोत जालोर से लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट का ऐलान कर दिया। इसमें 43 उम्मीदवारों के नाम हैं। मध्यप्रदेश के पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ को छिंदवाड़ा से तो राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को जालोर से टिकट दिया गया है। इससे पहले पार्टी की पहली लिस्ट में 39 नामों का ऐलान किया गया था। इस तरह कांग्रेस अब तक 82 नामों का ऐलान कर चुकी है। लिस्ट में 76.7 प्रतिशत उम्मीदवारों की उम्र 60 साल से कम है। इस सूची में असम से 12, गुजरात से सात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 10-10, उत्तराखंड से तीन और दमनदीव से एक उम्मीदवार का ऐलान किया गया है। दमनदीव से केतन दयाभाई पटेल को टिकट दिया है।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि हमने लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची पहले ही घोषित कर दी है। आज हम दूसरी सूची की घोषणा करने जा रहे हैं।




### असम के 12 उम्मीदवार

इसी तरह कांग्रेस ने असम में कोकराझार से गर्जन मैशरी, धुबड़ी से रकीबुल हुसैन, बारपेटा से दीप बायन, दारंग उदालगुरी से माधब राजबंशी, गुवाहाटी से मीरा बारठाकुर गोस्वामी, दिफू से जॉयराम एंगलेंग, करीमगंज से हाफिज रशीद अहमद चौधरी, सिलचर से सूर्यकांत सरकार, नौगांव से प्रद्युत बोरदोलोई, काजीरंगा से रोजेलिना तिर्की, सोनितपुर से प्रेम लाल गंजू और जोरहाट से गौरव गोगोई को चुनावी मैदान में उतारा है। इसके अलावा दमनदीव से केतन दहियाभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

### कांग्रेस के एक और दिग्गज नेता का चुनाव लड़ने से इंकार, वर्तमान जिम्मेदारी का हवाला दिया

लोकसभा चुनाव से पहले गुजरात कांग्रेस से एक बड़ी खबर सामने आई है। गुजरात कांग्रेस के पूर्व प्रमुख और पूर्व केन्द्रीय मंत्री रहे भरतसिंह सोलंकी ने आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने से इंकार कर दिया है। इसके लिए उन्होंने मौजूदा जिम्मेदारियों का हवाला दिया है। बता दें कि बीते दिन कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगदीश ठाकोर के लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने के ऐलान किया था। जगदीश ठाकोर के बाद अब एक और दिग्गज नेता भरतसिंह सोलंकी ने चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान किया है। भरत सिंह सोलंकी ने ऐलान किया है कि वह लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। खास बात ये है कि आज कांग्रेस के संभावित उम्मीदवारों का ऐलान हो सकता है।

### राजस्थान के 10 उम्मीदवार

कांग्रेस ने जालौर से वैभव गहलोत, बीकानेर से गोविंद राम मेघवाल, चुरू से राहुल कस्वां, टोंक-सवाई माधोपुर से हरीश मीणा, भरतपुर से संजना जाटव, झुंझुनू से बृजेंद्र ओला, जोधपुर से करण सिंह, अलवर से ललित यादव, उदयपुर से ताराचंद मीणा और चित्तौडगढ़ से उदयलाल आंजना को टिकट दिया है।

### मध्य प्रदेश के 10 उम्मीदवार

कांग्रेस ने भिंड से फूल सिंह बरैया, टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा, सीधी से कमलेश्वर पटेल, मंडला से ओंकार सिंह मरकाम, छिंदवाड़ा से नकुल नाथ, देवास से राजेंद्र मालवीय, धार से राधेश्याम मुवेल, खरगोन से पोरलाल खरते और बैतूल से रामू टेकाम को चुनावी मैदान में उतारा है।

### उत्तराखंड के लिए भी तीन उम्मीदवार घोषित

कांग्रेस ने उत्तराखंड की तीन लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। टिहरी गढ़वाल सीट से जोत सिंह गुनसोला, गढ़वाल पौड़ी सीट से गणेश गोदियाल और अल्मोड़ा से प्रदीप टम्टा पर दांव खेला गया है।

### गुजरात के सात उम्मीदवार

कांग्रेस की दूसरी सूची में गुजराज के लिए भी सात उम्मीदवारों का एलान किया गया है। इसमें कच्छ से नीतीशभाई लालन, बनासकांठा से गनीबेन ठाकोर, अहमदाबाद पूर्व से रोहन गुप्ता, अहमदाबाद पश्चिम से भरत मकवाना, पोरबंदर से ललितभाई वसोया, बरदोली से सिद्धार्थ चौधरी और वलसाड से अनंत भाई पटेल को टिकट दिया है।

## खास खबर

### बकाया किस्त पर ही पेनल्टी लगेगी, पूरे लोन पर नहीं

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने बैंकों को निर्देश जारी किया है। इस निर्देश के अनुसार बैंक अब सिर्फ आउटस्टैंडिंग ड्यूज पर ही, पेनल्टी लगा सकते हैं। बकाया कर्ज की रकम पर ब्याज और पेनाल्टी नहीं वसूल सकते हैं। कई बैंकों द्वारा कर्ज के ब्याज को भी मूलधन के साथ जोड़कर,उसे पर ब्याज वसूल किया जाता है। रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दी है ऋणदाता की सहमति से ही लोन को रिस्ट्रक्चर करने और ब्याज के बारे में सहमति प्राप्त करने के बाद ही खातों के नवीनीकरण के निर्देश रिजर्व बैंक ने बैंकों को दिए हैं।

### पहाड़ ब्लास्ट करते समय हादसा, 3 की मौत

महोबा । महोबा में खनन के लिए पहाड़ में ब्लास्ट करने के दौरान 3 लोगों की मौत हो गई। जबकि मलबे में फंसे 7 मजदूरों को पुलिस-प्रशासन की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। हादसा कबरई थाना क्षेत्र के पहरा गांव के पास हुआ है। बताया जाता है कि डीआरएस नाम के इस पहाड़ पर 500 फीट की गहराई पर विस्फोटक लगाने का काम हो रहा था। तभी अचानक पहाड़ के एक हिस्से में दरार आ गई और वो भरभरा कर गिर गया। हादसे के वक्त 10-11 लोग काम कर रहे थे। सभी मजदूर मलबे में दब गए। हादसे की सूचना अन्य लोगों ने पुलिस को दी। आनन फानन में 4 थानों का फोर्स मौके पर पहुंचा और मलबे में दबे लोगों को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

### ट्राला बारात में घुसा, 5 की मौत 25 बाराती गंभीर रूप से घायल

रायसेन। रायसेन जिले के घाट खमरिया में सोमवार की रात 8:30 बजे रान्ग साइड से आ रहा ट्राला, बारातियों पर चढ़ गया। पांच बारातियों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। 25 बाराती गंभीर रूप से घायल हो गए। शादी वाले घर में मातम पसर गया। पूर्व सरपंच रघुवीर अहिरवार की बेटी शिवानी अहिरवार की शादी थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल वहां पहुंचा। पुलिस बल और राजस्व अमले ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बाराती आमिर पिता अबरार खान, विजय, सौरभ,जानू और विजय पिता हक्कू की घटना स्थल पर मौत हो गई। आठ घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रायसेन भेजा गया। घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर अरविंद दुबे और एसपी विकास शहवाल मौके पर पहुंच गए। जिला प्रशासन ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपए तथा घायलों को 50000 रूपये देने की घोषणा की।

### ईडी ने बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोपी की 4.81 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की

श्रीनगर। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बैंक धोखाधड़ी मामले में आरोपी व्यक्तियों की 4.81 करोड़ की संपत्तियां कुर्क की। ईडी ने कहा कि कुर्क की गई संपत्तियां मेसर्स निखा ऑर्नामेंट्स के इसफाक अहमद जरगर, मेसर्स जेके गोल्ड ज्वैलरी के खलील अहमद मुगल, मेसर्स राफ टूर्स एंड ट्रैवल के मोहम्मद अशरफ देव और मेसर्स सैयद टूर्स एंड ट्रैवेल्स के मोहम्मद सैयद कौसर नियाजी की थीं। ईडी ने कहा, प्रवर्तन निदेशालय के श्रीनगर क्षेत्रीय कार्यालय ने केनरा बैंक शाखा में धोखाधड़ी के मामले में 18 कनाल भूमि और एक इमारत के रूप में कुल 4.81 करोड़ रुपये की अंचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है। वर्ष 2014 में कई ऋण खातों के फंस जाने के बाद मैसुमा पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

## नायब सैनी बने हरियाणा के नए सीएम

चंडीगढ़। हरियाणा को भाजपा ने एक और नया मुख्यमंत्री देकर लोकसभा चुनाव साधने की तैयारी कर ली है। आज दिनभर चले सियासी घटनाक्रम के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान हरियाणा के नए सीएम के पद की शपथ ले ली है।

एक सादे समारोह में मंगलवार की शाम हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सैनी को मुख्यमंत्री के पद की शपथ दिलाई। सीएम के साथ ही पांच मंत्रियों ने भी शपथ ली है। शपथ लेने से पहले नायब सैनी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के पैर छूकर आर्शीवाद लिया। गौरतलब है कि सीएम सैनी ओबीसी वर्ग से ताल्लुक रखते हैं और वह कुरुक्षेत्र से सांसद भी हैं। ऐसे में समझा जा रहा है कि भाजपा उनके जरिए प्रदेश में ओबीसी वर्ग को साध कर लोकसभा चुनाव साधने का काम करने जा रही है।



### सैनी के साथ इन्होंने ली मंत्री पद की शपथ

राजभवन में आयोजित सादे समारोह में कंवर पाल गुर्जर ने भी मंत्री पद और गोपनीयता की शपथ ली है। गौरतलब है कि गुर्जर खट्टर सरकार में शिक्षा मंत्री थे। इनके अलावा मूलचंद शर्मा ने भी कैबिनेट मंत्री के तौर पर राजभवन में शपथ ली है। निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह ने भी कैबिनेट मंत्री की शपथ लिए हैं। जय प्रकाश दलाल और डॉक्टर बनवारी लाल को भी हरियाणा के मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। इस शपथ ग्रहण समारोह में अनिल विज नहीं पहुंचे, उनकी नाराजगी को इसका मुख्य कारण माना जा रहा है।

## जो राष्ट्र अपनी विरासत को नहीं संजो पाता, वह अपना भविष्य भी खो देता है

अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दांडी कूच के दिवस के अवसर पर मंगलवार को अहमदाबाद स्थित साबरमती आश्रम में आयोजित 'आश्रम भूमि वंदना' कार्यक्रम में शिरकत कर महात्मा गांधी साबरमती आश्रम पुनर्विकास प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होंने पुनर्विकसित कोचरब आश्रम का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्पांजलि अर्पित की और आश्रम में स्थित गांधी जी के निवास 'हृदय कुंज' भी गए। प्रधानमंत्री ने पुनर्विकास प्रोजेक्ट को दर्शाती प्रदर्शनी को भी निहारा और आश्रम परिसर में पौधरोपण किया। इस समारोह में राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने कहा कि जो राष्ट्र अपनी धरोहर को नहीं संजो पाता, वह अपना भविष्य भी खो देता है। बापू का साबरमती आश्रम केवल देश ही नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति की विरासत है।



प्रधानमंत्री ने कहा कि साबरमती आश्रम हमेशा से अप्रतिम ऊर्जा के एक जीवंत केंद्र रहा है। यहां आकर हम बापू की प्रेरणा का अनुभव करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि साबरमती आश्रम ने गांधी के सत्य, अहिंसा, राष्ट्रसेवा और वंचितों की सेवा में नारायण सेवा को देखने के मूल्यों को जीवंत रखा है। प्रधानमंत्री ने दक्षिण अफ्रीका से लौटने के बाद गांधी जी द्वारा स्थापित कोचरब आश्रम में उनके द्वारा बिताए गए समय का वर्णन किया। मोदी ने 12 मार्च की ऐतिहासिक तारीख का उल्लेख करते हुए कहा कि बापू ने इस दिन दांडी कूच की शुरुआत की थी और यह तारीख भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों से अंकित हो गई। यह ऐतिहासिक दिन स्वतंत्र भारत में एक नए युग की शुरुआत का गवाह बन गया है। उन्होंने कहा कि आज का दांडी कूच का दिवस एक ऐतिहासिक दिवस है। साबरमती आश्रम से शुरू हुई दांडी यात्रा ने आजाद भारत की पृष्ठभूमि तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 12 मार्च, 2022 से ही राष्ट्र ने साबरमती आश्रम से 'आजादी का अमृत महोत्सव' की शुरूआत की थी। उस बात का स्मरण करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत देशवासियों ने देश के बलिदानियों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी थी। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अमृत महोत्सव ने अमृत काल में प्रवेश के लिए एक प्रवेशद्वार बनाया। अमृत महोत्सव के अवसर पर देश में जनभागीदारी का ऐसा वातावरण बना था, जैसा आजादी के पहले के समय में देखने को मिला था। उन्होंने महात्मा गांधी के आदर्शों और मूल्यों के प्रभाव और अमृत महोत्सव के दायरे के विषय में भी चर्चा की।

## 4 राज्यों में 30 ठिकानों पर एनआईए की रेड

नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने मंगलवार को पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और चंडीगढ़ के 30 ठिकानों पर छापा मारा है। एनआईए खालिस्तान-गैंगस्टर केस में एक्शन ले रही है। इसके अलावा एनआईए के पास इनपुट है कि इन चार राज्यों में कई बदमाश ऐसे हैं जो लॉरेंस बिश्नोई और उसके जैसे ही गैंगस्टर्स के साथ जुड़े हैं। ये बदमाश गैंगस्टर्स के कहने पर रंगदारी-फायरिंग जैसी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में थे। छापेमारी के लिए एनआईए की टीम सुबह करीब 5-6 बजे ही अलग-अलग राज्यों की पुलिस के साथ संदिग्धों के ठिकानों पर पहुंच गई थीं। मध्य प्रदेश के भोपाल और पंजाब के फरीदकोट में टीम ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। एनआईए को संदेह है कि इन बदमाशों के विदेश में बैठे गैंगस्टर्स से भी तार जुड़े हैं।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने किया वादा

## सरकार बनी तो कांग्रेस कराएगी जाति जनगणना और आर्थिक सर्वे

मुंबई । राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अंतिम चरण में महाराष्ट्र के नंदुरबार पहुंची। यह जगह कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी। मंगलवार को राहुल ने जनता से कहा- अगर उनकी पार्टी की सरकार बनी जाति जनगणना और आर्थिक सर्वे कराएगी। साथ ही वन अधिकार अधिनियम को भी मजबूत करेगी। राहुल ने कृषि और वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने वाला कानून लाने का भी वादा किया। नंदुरबार वही सीट है, जहां 47 साल तक कांग्रेस को कोई हरा नहीं पाया था। पिछली बार 2010 में सोनिया गांधी ने नंदुरबार का दौरा किया था। करीब 14 साल बाद गांधी परिवार से कोई सदस्य यहां पहुंचा है। यह जगह इसलिए भी खास है, क्योंकि 2010 में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने आधार कार्ड की लॉन्चिंग नंदुरबार के तेंभली गांव से की थी।



राहुल ने यात्रा के दौरान कहा कि भाजपा ने वन अधिकार अधिनियम, भूमि अधिग्रहण अधिनियम जैसे कानूनों को कमजोर कर दिया है। हम न केवल उन्हें मजबूत करेंगे बल्कि यह सुनिश्चित करेंगे कि आदिवासियों के दावों का निपटारा एक साल के भीतर किया जाए। राहुल ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने वन अधिकार अधिनियम के तहत हजारों दावों को गलत तरीके से खारिज कर दिया और आदिवासियों को जंगलों तक पहुंच से वंचित कर दिया।

## पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा के बेटे के रिसॉर्ट पर पड़ा छापा, दो करोड़ रुपये की GST चोरी का खुलासा

ग्वालियर। भोपाल से एक टीम कल 11 मार्च को सुबह ग्वालियर पहुंची थी। उसका मिशन पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। भोपाल से पहुंची टीम में ग्वालियर जीएसटी अफसरों को भी बुलाया और उन्हें बगैर टास्क बताए अपनी गाड़ियों में बिठाकर सीधे नेशनल हाइवे पर स्थित अंचल के सबसे भव्य, विशाल और बड़े इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट्स पर पहुंचे। टीम के लोग ग्राहक बनकर अंदर घुसे, क्योंकि रिसॉर्ट्स के बाहर कड़ी निजी सुरक्षा व्यवस्था रहती है। अंदर पहुंचते ही उन्होंने पुलिस अफसरों को भी सूचना दे दी तो सिरोल थाने की फोर्स भी वहां पहुंच गई। यहां शुरू हुई कार्रवाई देर रात तक जारी रही, जबकि एक टीम अभी भी रिसॉर्ट्स के अंदर बताई गई है।




### डेढ़ से दो करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी

बताया गया है कि यह रिसॉर्ट्स शहर के प्रमुख बिल्डर रोहित वाधवा और अंशुमन मिश्रा का है। अंशुमन मिश्रा मध्यप्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता और शिवराज सिंह चौहान के मंत्रिमंडल में गृहमंत्री रहे डॉ नरोत्तम मिश्रा के बेटे है। बताया गया कि जीएसटी टीम ने जांच के दौरान दोनों डायरेक्टर्स को भी बुला लिया था। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। सूत्रों की मानें तो जीएसटी टीम पहले से ही काफी होमवर्क करके गई थी, इसलिए उसने प्राथमिक जांच पड़ताल के बाद ही लगभग डेढ़ से दो करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ ली है।

### झांसी बाईपास पर स्थित रिसॉर्ट्स

इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट्स ग्वालियर से निकलने वाले दिल्ली नेशनल हाइवे पर नैनागिर गांव के पास झांसी बाईपास पर स्थित है। सिरोल थाना क्षेत्र में स्थित यह रिसॉर्ट्स कई एकड़ भूभाग में फैला हुआ है। इसमें अनेक मैरीज हॉल के अलावा भव्य रेस्तरां और आलीशान कमरे है। यहां धनवान लोगों की शादियों के अलावा भाजपा संगठन के भी अनेक आयोजन होते रहते हैं।

### एसबीआई ने इलेक्टोरल बॉन्ड का डेटा चुनाव आयोग को भेजा

## आयोग 15 मार्च तक वेबसाइट पर अपलोड करेगा

नई दिल्ली । इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने पूरा डेटा चुनाव आयोग को मंगलवार शाम को सौंप दिया। बार एंड बेंच ने एक्स पर ये जानकारी दी। चुनाव आयोग इस पूरे डेटा को 15 मार्च तक अपलोड कर देगा।

चुनाव आयोग इलेक्टोरल बॉन्ड की खरीदी को भी सार्वजनिक करेगा, जो अब तक केवल सीलबंद लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में जमा किए गए थे। 11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने बैंक को फटकार लगाई थी और 12 मार्च शाम तक यह डिटेल देने का निर्देश दिया था। वहीं, इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि सरकार राष्ट्रपति के जरिए कानूनी राय हासिल करे और तब तक सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर अमल न हो।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की 5 जजों की संविधान पीठ ने 15 फरवरी को इलेक्टोरल बॉन्ड की बिक्री पर रोक लगा दी थी। साथ ही एसबीआई को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बॉन्ड की जानकारी 6 मार्च तक इलेक्शन कमीशन को देने का निर्देश दिया था। 4 मार्च को सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाकर इसकी जानकारी देने के लिए 30 जून तक का वक्त मांगा था। इसके अलावा कोर्ट एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की उस याचिका पर भी सुनवाई की, जिसमें 6 मार्च तक जानकारी नहीं देने पर एसबीआई के खिलाफ अवमानना का केस चलाने की मांग की गई थी।

### पोखरण में भारत शक्ति अभ्यास...भारत में बने हथियारों ने भारत-पाक बॉर्डर पर दिखाई ताकत...

## 100 ड्रोन ने एक साथ किया हमला, मोदी बोले- ये नए भारत की शक्ति

जैसलमेर। एशिया की सबसे बड़ी फील्ड फायरिंग रेंज में मंगलवार को तीनों सेनाओं ने भारत शक्ति युद्धाभ्यास के जरिए भारत में बने हथियारों की ताकत दिखाई। इस युद्धाभ्यास को देखने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी जैसलमेर जिले के पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में पहुंचे। युद्धाभ्यास में ध्रुव हेलिकॉप्टर भारतीय सेना के कमांडों को दुश्मनों के ठिकानों तक ले गया और वहां जवानों ने आतंकियों का खात्मा किया। वहीं, तेजस विमान ने दुश्मन के टैंकों पर हमला बोलकर उन्हें नेस्तनाबूद कर दिया। इसके साथ ही पिनाका मिसाइल, नाग मिसाइल, मल्टि यूटिलिटी व्हीकल और ड्रोन हमलों से दुश्मन के ठिकानों पर हमले किए गए।

इस अवसर पर मोदी ने कहा कि आसमान में यह गर्जना, जमीन पर जांबाजी, चारों दिशाओं में गूंजता विजय घोष नए भारत का आहवान है। आज हमारा पोकरण एक बार फिर भारत की



आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मगौरव का साक्षी बना है। यही पोकरण है जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है। यहीं पर आज हम स्वदेशीकरण से सशक्तिकरण का दम देख रहे हैं। भारत शक्ति का यह उत्सव शौर्य की भूमि राजस्थान में हो रहा है, लेकिन इसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। कल ही भारत ने लंबी दूरी की क्षमता वाली अग्नि मिसाइल का परीक्षण किया है। दुनिया के बहुत कम देशों के पास इस तरह की आधुनिक टेक्नोलॉजी है।

### पिछली सरकारों ने ऑर्डिनेंस फैक्ट्री को बर्बाद किया

मोदी ने कहा कि जिन्होंने देश पर दशकों तक शासन किया, उन्होंने देश की सुरक्षा पर ध्यान नहीं दिया। पहला घोटाला ही सेना की खरीदी में किया। 2014 में रक्षा सौदों में घोटालों की चर्चा होती थी। सेना के पास गोला-बारूद नहीं होने की चिंताएं सामने आती थीं। उन्होंने हमारी ऑर्डनेंस फैक्ट्री को बर्बाद कर दिया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड को बर्बाद कर दिया, हमने उसे सबसे ज्यादा मुनाफा देने वाली कंपनी बना दिया। वे वीर बलिदानों के लिए एक राष्ट्रीय स्मारक भी नहीं बनवा पाए। पहले की सरकार हमारी सीमाओं पर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने से डरती थी, आज एक से एक रोड बन रहे हैं।

# तहसीलदार अपने स्थगन आदेश का पालन कराएं

## अनुकंपा नियुक्ति के सम्बंध में जनसुनवाई से कलेक्टर ने आयुक्त से की चर्चा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने तिरोड़ी तहसीलदार गीता रहांगडाले को निर्देश दिए है कि अपने द्वारा ही दिए गए का पालन कराएं। मामला तिरोड़ी तहसील के प्रकरण क्रमांक 79 है जिसमें आवेदक गेंदालाल ने जनसुनवाई में समस्या बताई। मामला रास्ते विवाद का है जिसमें तहसीलदार द्वारा स्थगन आदेश दिए गया था। जिसका पालन नही होने के बाद अनावेदक द्वारा पुनः निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि आवश्यक हो तो थाने को भी पत्र से अवगत करावा कर पालन सुनिश्चित कराया जाए।



### संध्या पटनी सहित 7 अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए भोपाल से मांगा गया मार्गदर्शन

जनसुनवाई के दौरान संध्या पटनी ने अनुकंपा नियुक्ति के मामलें में आवेदन किया। आवेदन के सम्बंध में जिला शिक्षा अधिकारी एके उपाध्याय द्वारा बताया कि विभाग के पास प्रयोगशाला सहायक शिक्षक के पद स्वीकृत है लेकिन उनकी नियुक्ति प्राथमिक शिक्षक विज्ञान के पद पर होनी है। पद स्वीकृत नही होने से समस्या हुई है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने जनसुनवाई से शिक्षा विभाग की आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव से ही मामलें की चर्चा करते हुए आवेदनों के सम्बंध में निराकरण का आग्रह किया।

### जनसुनवाई में उपस्थित नही हुए अधिकारी का वेतन रोका जाएगा

जनसुनवाई के दौरान कई विभागों के अधिकारी अनुपस्थित रहें। इस तरह की अनदेखी पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि जिस विभाग के अधिकारी मौजूद नही है। उन सभी का वेतन रोका जाए। जनसुनवाई में महिला एवं बाल विकास, एमपीईबी, को-ऑपरेटिव, जनजातीय कार्य विभाग और खनिज अधिकारी अनुपस्थित रहे। जनसुनवाई में कुल 34 आवेदन पत्र प्राप्त किये गए।

# ग्राम भांडी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भांडी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का नौ दिवसीय आयोजन किया जा रहा है , आपको बता दे की बांके बिहारी की असीम कृपा से ग्राम भांडी में श्रीमद् भागवत कथा महापुराण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत महापुराण जिसमें अनंत विभुषित स्वामी श्री श्री 1008 दयानन्द जी महाराज, वृन्दावन के कृपापात्र शिष्य आचार्य पं. प्रदीप कुमार जी शर्मा के मुख से अमृतमय संगीतमय कथा रसमय रसास्वादन करने का सौभाग्य प्राप्त ग्रामीण जनता को हो रहा है। इस कार्यक्रम का 11 मार्च से 19 मार्च तक नौ दिवसीय आयोजन रखा गया है। जिसमें कथा का आयोजन दोपहर 1ः00 से लेकर शाम 5ः00 बजे तक ग्राम भांडी में हो रहा है। 11 मार्च को कलश यात्रा का आयोजन ग्राम में प्रातः 7ः00 बजे बड़े हर्ष उल्लास व धूमधाम के साथ किया गया। गोकर्ण महात्म्य वेदी स्थापना का कार्यक्रम संपन्न हुआ, 12 मार्च को कथा वाचक के मुखारविंद से हुआ परीक्षित जन्म, वराह अवतार कथा का ग्रामीणों ने श्रवण किया। 13 मार्च को बुधवार ध्रुव चरित्र, भरत चरित्र, 14 मार्च को गुरुवार नरसिंह अवतार, भक्त प्रहलाद चरित्र ,15 मार्च को शुक्रवार वामन अवतार, समुद्र भवन, श्री कृष्ण जन्म ,16 मार्च को शनिवार कृष्ण लीला, रूकमणी विवाह, 17 मार्च रविवार सुदामा चरित्र, अन्य विवाह ,19 मार्च मंगलवार श्रीमद हवन गीता पूर्णाहुति सहस्त्रधारा तत्पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील



# केन्द्र के समान महंगाई भत्ता, दे सरकार

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। केन्द्र सरकार के समान प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियों और पेंशनरों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिए जाने की मांग अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उठाई है। मोर्चा जिलाध्यक्ष सजल मस्की ने बताया कि इस मामले में आगामी 15 मार्च को जिले का अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा, मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन



सौंपेगा।उन्होंने बताया कि प्रदेश का अधिकारी, कर्मचारी सरकार के साथ है लेकिन केन्द्र सरकार के कर्मचारियो को महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत मिलने पर प्रदेश का अधिकारी, कर्मचारी भी चाहता है कि डबल इंजन की सरकार प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियों को 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता देकर राहत प्रदान करें। बावजूद इसके यदि सरकार प्रदेश के अधिकारी, कर्मचारियो को केन्द्र के समान महंगाई भत्ता नहीं देती है तो अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा का विरोध जारी रहेगा।15 मार्च को कलेक्ट्रेट कार्यालय में दोपहर 02 बजे अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के ज्ञापन कार्यक्रम में जिले के अधिकारी, कर्मचारियों से उपस्थिति की अपील जिलाध्यक्ष सजल मस्की, गिरधारी भगत, राकेश वर्मा, संतोष प्रधान, संतोष मसखरे, फातिमा खान, बी.एल. चौधरी, बी.एल. राणा, रतनलाल बिरनवार, संतलाल सहारे, अरूण बिरनवार सहित अन्य पदाधिकारियों ने की है।

# शाजली कुरैशी को पीएचडी डिग्री मिली

सरदार पटेल विश्वविद्यालय में गत दिवस प्रथम दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमें शाजली कुरैशी (दीपांशी खरे) को केन्द्रिय मंत्री भारत सरकार के हस्ते अंग्रेजी विषय में पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई। शाजली कुरैशी ने इस उपलब्धि पर सरदार पटेल विश्वविद्यालय के साथ ही साथ पति दीपक खरे तथा पिता के.एम.कुरैशी , माता अंजूम कुरैशी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## कार्यालय ग्राम पंचायत अमई जनपद पंचायत खैरलांजी जिला बालाघाट

**ठेका नीलामी सूचना**

**बैठकी बाजार ठेका एवं मवेशी ठेका नीलामी वर्ष २०२४-२५**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अमई के अंतर्गत साप्ताहिक दिन गुरूवार को बैठकी बाजार एवं मवेशी बिक्री की नीलामी वर्ष २०२४-२५ १ अप्रैल २०२४ से ३१ मार्च २०२५ तक १ वर्ष के लिये पंचायत राज अधिनियम १९९५ नियम एवं शर्तो के अधिन रहते हुये १४-३-२०२४ दिन गुरूवार को दोपहर १२ से कार्यालय ग्राम पंचायत भवन के सभा कक्ष में शाम ५ बजे तक बाजार ठेका एवं मवेशी ठेका नीलामी की जावेगी।

टीप: १- नीलामी कार्यवाही से संबधित सभी नियम एवं शर्ते कार्यालय समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय की सूचना बोर्ड में देखी जा सकती है।

२- नीलामी की कार्यवाही होने के पश्चात ठेकेदार को सम्पूर्ण राशि तत्काल कार्यालय में जमा करनी होगी।

३- नीलामी बोली हेतु जो निर्धारित अमानत राशि बैठकी बाजार हेतु एवं मवेशी बिक्री हेतु रखी जायेगी वह राशि नीलामी बोली बोलने से पहले जमा करनी होगी।

**श्रीमती उषा ज्ञानेन्द्र टेंभरे** सरपंच
**गोपाल झोड़े** सचिव
**डिलेश्वर ठाकरे** उपसरपंच
**लिलेश राऊत** सह सचिव
**एवं समस्त पंचगण व ग्राम वासी ग्राम पंचायत अमई जनपद पंचायत खैरलांजी।**

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति लालबर्रा जिला-बालाघाट

क्रमांक/मण्डी/निर्माण/२३-२४/ लालबर्रा - ६४३ दिनांक १२.०३.२०२४

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2024_MPSAM_344201_1 अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक ०४.०४.२०२४ को शाम ०३.३० बजे तक आमंत्रित १ https://www.mptenders.gov.in की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मण्डी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट: आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति लालबर्रा**
**जिला - बालाघाट**

## आम सूचना

समस्त आम जनता / बैंक/वित्तीय संस्थाओ को स्टेट बैंक आफ इंडिया की भरवेली बालाघाट शाखा की ओर से सूचित किया जा रहा है कि ग्राम भटेरा पहन 12 तहसील एवं जिला बालाघाट में स्थित भूमि संपत्ति खसरा नंबर 300/1/4/20 एरीया 0.014 हेक्टर को उनके स्वामी श्री योगेश कुमार नेटी पिता श्री अत्तरसिंह नेटी द्वारा ऋण संव्यवहार में हमारी शाखा बैंक में बंधक करने का प्रस्ताव किया है तथा उनके द्वारा यह बताया है कि इस भूमि के पूर्व स्वामी श्री अजय कुमार अस्वले पिता श्री एल0 डी0 अस्वले से उनके मुल रजिस्टर्ड विक्रयपत्र दिनांक 26/03/2012 कमांक 5075 ( प्री टाईटल डीड ) की असल गुम हो गई है, अतएव यदि मुल रजिस्टर्ड विकयपत्र रजिस्टर्ड विकयपत्र दिनांक 26/03/2012 कमांक 5075 (प्री टाईटल डीड ) किसी भी व्यक्ति, बैंक या वित्तीय संस्था में बंधक के रूप में जमा हो या इस संपत्ति पर किसी का कोई वैधानिक भार हो, तो आगामी पांच दिवस के अंदर भरवेली शाखा कार्यालय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा उपरोक्त भूमि पर वैधानिक भार उत्पन्न करते हुए शाखा बैंक द्वारा हितग्राही को ऋण प्रदान किया जावेगा।

**शाखा प्रबंधक**
**स्टेट बैंक आफ इंडिया**
**शाखा भरवेली**
**बालाघाट**
**तहसील जिला**
**बालाघाट**

## कार्यालय ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

**निविदा**

क्रमांक /क्यू दिनांक १०.०३.२०२४

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. में वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में मनरेगा, पंच परमेश्वर, पांचवां, १४ वां व १५ वां वित्त आयोग, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक ११/०३/२०२४ से १८/०३/२०२४ तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम ५ बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, तार फेंसिंग, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, टाइल्स, गट्टू (पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबेंधी सामग्री, वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप १० फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

**श्रीमती पार्वती गाड़ेश्वर** सरपंच
**श्रीमती जयबती टेकाम** उपसरपंच
**भीमराव डोंगरे** सचिव
**राधेश्याम गाड़ेश्वर** सहायक सचिव
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. ( लालबर्रा )।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चिचगांव जनपद पंचायत लालबर्रा, जिला बालाघाट

**निविदा**

क्रमांक /क्यू दिनांक १०.०३.२०२४

विषयाकिंत लेख है कि ग्राम पंचायत चिचगांव में वित्तीय वर्ष २०२४-२५ में मनरेगा, पंच परमेश्वर, पांचवां, १४ वां व १५ वां वित्त आयोग, स्वकराधान मद, स्वच्छ भारत अभियान, विधायक-सांसद निधि, परफार्मेस ग्रांट फंड, गौण खनिज मद, स्टेशनरी क्रय एवं अन्य मरम्मत व पंचायत में अन्य योजनाओं के तहत् विभिन्न निर्माण कार्य हेतु सामग्री क्रय की जानी हैं। इन कार्यों के लिए दिनांक ११/०३/२०२४ से १८/०३/२०२४ तक नीचे लिखित वर्णित सामग्री हेतु मुहरबंद निविदाएं कार्यालयीन समय में आमंत्रित हैं। निविदा संबंधित विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते है, निविदा के संबंध में अंतिम निर्णय ग्राम पंचायत का होगा। निविदा का लिफाफा कार्यालयीन समय पर ग्राम पंचायत चिचगांव में जमा किया जावें एवं डाक द्वारा भेजे गये लिफाफे अंतिम तारीख के शाम ५ बजे तक ही मान्य किये जायेगें।

सामग्री- सीमेंट, लोहा, गिट्टी, सीमेंट पाइप, लोहा पाइप, टीन, मिट्टी, मुरम, रेत, ईट, मिक्सर मशीन, वाइब्रेटर मशीन, पॉलीथीन, तार फेंसिंग, थर्माकॉल, रोलर, वॉशबेसिन नल सहित, पेंटिंग कार्य, टाइल्स, गट्टू (पेपर ब्लॉक), नल जल योजना हेतु पाइप, कुर्सी, टेबल, स्ट्रीट लाईट संबेंधी सामग्री, वाटर हारवेस्टिंग से संबंधित सामग्री, एसीसी एस्बेस्टस चादर (छत), पी.वी.सी पाइप १० फीट, एंगल नट बोल्ट सहित, सेट्रिंग, तार, खीला, आईल, पेंट, दरी, आलमारी, कूलर, लैपटाप, कम्प्युटर सामग्री, टंकी, स्टेशनरी क्रय, नल-जल संधारण की सामग्री, पौधा क्रय, पंडाल व्यवस्था, मिष्ठान, जेसीबी मशीन, ट्रेक्टर ट्राली, परिवहन सहित अन्य आवश्यक सामग्री शामिल हैं।

**गोविंद पटले** सरपंच
**श्रीमती दशमी सहारे** उपसरपंच
**बलीराम पटले** सचिव
**चंद्रशेखर भगत** सहायक सचिव
**एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत चिचगांव ( लालबर्रा )।**

## कार्यालय नगरपालिका परिषद बालाघाट जिला बालाघाट ( मप्र. ) 481001

**क्र. एफ/स्वास्थ्य शाखा/50-2/2024/14935** **बालाघाट दिनांक 12.03.2024**

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है-

| क्र | टेण्डर आईडी नं. | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_UAD_329946_2 | वित्तीय वर्ष 2023-24 में वाहनों के दुरूस्ती कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति कार्य | आवश्यकता अनुसार वर्ष भर 10,00,000=00 | 2000=00 एवं 20000=00 | 20/03/2024 |
| 2 | 2024_UAD_344260_1 | पोक लेण्ड मशीन किराये पर उपलब्ध कराने के संबंध में निविदा आमंत्रित की जाती है। | आवश्यकता अनुसार 10,00,000=00 | 2000=00 एवं 20000=00 | 27/03/2024 |

नोट-: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की बेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद**
**बालाघाट मप्र.**

## In The Court Of Additional Judge To I Civil Judge Class-II (Junior Division), Civil Court Waraseoni, District Court, Balaghat

**Presiding Officer:**
**शैलेन्द्र रैकवार**

**( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**

**(RCS A/0000052/2024)**

**बालकृष्ण गौरे...... वादी**
**Vs**
**चंद्रशेखर........ ...प्रतिवादी**

**Process Id-/2024**
**पेशी दिनांक :-22/04/2024**

प्रेषिती-
सर्वसाधारण पता- बालाघाट जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

यह कि प्रार्थी बालकृष्ण गौरे ने आपके विरूद्ध दावा वास्ते उदघोषणार्थ एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर बाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 07 March 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**( शैलेन्द्र रैकवार )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड वारासिवनी के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश वारासिवनी जि. बालाघाट मप्र.**


लामता में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# भाजपा शुरू करेगी बूथ विजय संकल्प अभियान

## भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने ली प्रेस वार्ता, बूथ विजय संकल्प अभियान शुरू करने की दी जानकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भाजपा जिला अध्यक्ष रामकिशोर कावरे द्वारा स्थानीय भाजपा कार्यालय में एक प्रेस वार्ता ली गई, जिसमें उन्होंने बताया कि भाजपा अब अपने बूथो में बूथ विजय संकल्प अभियान शुरू करने जा रही है , जिसमें भाजपा का यह लक्ष्य होगा कि बूथ जीते तो चुनाव जीते, इस अभियान के तहत उन्होंने आज प्रेस वार्ता के माध्यम से इस अभियान की जानकारी दी और बताया कि 14 मार्च को कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का बालाघाट जिले में आगमन होने जा रहा है। आपको बता दे की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने के मकसद से कमर कस ली है। मप्र भाजपा संगठन तथा केंद्र के नेतृत्व में बालाघाट व सिवनी संसदीय क्षेत्र के कुल 2306 बूथों में आज बुधवार से 'बूथ विजय संकल्प अभियान' की शुरुआत की जाएगी। मंगलवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर पूर्व मंत्री तथा भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे ने भाजपा कार्यालय में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भाजपा द्वारा बूथ विस्तारक अभियान के अंतर्गत दस दिवसीय बूथ विजय संकल्प अभियान चलाया जाएगा। इसकी शुरुआत बुधवार से होगी। इसके तहत बालाघाट की छ: विधानसभाओं के 1674 तथा सिवनी व बरघाट विधानसभा के 632 बूथ में




कार्यरत प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ क्षेत्र में जाएंगे और लोगों से संपर्क करेंगे। श्री कावरे ने बताया कि विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने 'बूथ जीता, विधानसभा जीता' का नारा दिया था। इसी अभियान को लोकसभा चुनाव में भी भाजपा आगे बढ़ रही है। इसमें बूथ में वोटर लिस्ट के पन्नों को जिताने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हर कार्यकर्ता दो घंटे इस पर मेहनत से काम करेगा और बूथ जिताने व संकल्प को पूरा करने का काम करेगा। जनसंघ से परंपरा रही है कि बूथ कार्यकर्ता प्रत्येक परिवार में जाकर पर्ची देकर उनसे संपर्क करता है। मतदान दिन तक हम पर्ची देने का काम करते हैं। उस परंपरा को आगे निभाया जाएगा। श्री कावरे ने आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को 400 पार के संकल्प को भी पूरा करने की बात कही।

### दीपावली मनाने जैसा कानून है सीएए

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष और कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में पास हुए नागरिकता संशोधन कानून को लेकर कहा गया कि जो कानून पारित किया गया है संसद में वह दीपावली मनाने जैसा कानून है जिसमें अल्पसंख्यकों को आज भारत में नागरिकता मिलेगी ,किंतु जिस प्रकार से और भी धर्म वाले लोगों पर यह कानून लागू नहीं हो रहा है उसे विषय को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर द्वारा कहा गया कि यदि बहुसंख्यकों को भी हमारे देश में नागरिकता दी जाने लगेगी तो हमारे देश की भी अर्थव्यवस्था और कार्य प्रणाली बिगड़ना शुरू हो जाएगी, इसलिए हम अल्पसंख्यकों को और जो यहां पर रह रहे हैं उन लोगों को इस कानून का लाभ दिया जाएगा और इस कानून के आने से भारत के कई स्थानों पर दीपावली जैसे खुशियां मनाई गई है और इसका फायदा बालाघाट जिले में भी अनेक परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

### अभी कुछ नहीं कह सकते प्रत्याशी के नाम को लेकर

लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की ओर से टिकिट की रेस में भारती पारधी सबसे आगे नजर आने लगी है। और सोशल मीडिया और राजनीति बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है इसको लेकर जब हमारे द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष से पूछा गया कि क्या भारती पारधी होगी भाजपा में लोकसभा चुनाव की प्रत्याशी तब भाजपा जिला अध्यक्ष द्वारा बताया गया कि अभी वह इस विषय पर कुछ नहीं कह सकते क्योंकि सोशल मीडिया पर तो किसी का भी और कोई भी नाम चलते रहता है और चलाया जाता है किंतु जब तक आला कमान प्रत्याशियों की लिस्ट जारी नहीं करता तब तक वह इस विषय पर कुछ नहीं कहना चाहते।

# यात्री प्रतीक्षालय में शुरू हुई पानी की आरओ मशीन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खबर का हुआ असर बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय आरओ मशीन को सुधार दिया गया है ,बीते दिनों सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय की आरओ मशीन के नलों को अज्ञात चोरों द्वारा निशाना बनाते हुए चोर लिया गया था, जिसके बाद आरओ मशीन लगाने वाले स्वयंसेवकों ने पुन: नए नल लगाकर आरओ मशीन को शुरू कर दिया है।आपको बता दे की हमारे द्वारा बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में यात्रियों को पीने के पानी के लिए हो रही असुविधा को लेकर एक खबर प्रकाशित की गई थी, जिसके बाद यात्रियों की पीने के पानी की समस्या को देखते हुए पुन: यात्री प्रतीक्षालय में आरओ की मशीन को सुधारते हुए नये नल लगाते हुए पुन: आरओ मशीन को शुरू किया गया है एवं अब यहां यात्रियों को शुद्ध पेयजल मिल रहा है , जिससे यहां पहुंचने वाले यात्रियों ने पुन: एक बार आरओ मशीन लगाने वाले स्वयंसेवी संगठनों को धन्यवाद ज्ञापीत किया है , कुछ दिन पहले बताया गया था कि कुछ दिनों से यात्री प्रतीक्षालय की आरओ मशीन बंद पड़ी थी, जिसे यहां पर आवागमन करने वाले यात्री एवं बढ़ती धूप एवं गर्मी के कारण राहगीरों को यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड में पीने का पानी नहीं मिल पा रहा था ,जिसकी समस्या को कुछ यात्रियों द्वारा पद्मेश मीडिया के माध्यम से प्रमुखता से बताई गई थी और यह खबर को हमने भी प्रमुखता से प्रकाशित किया था, उसके बाद स्वयं सेवी संगठनों ने हो रही पानी की समस्या को देखते हुए, आरओ मशीन में नए नल लगवाते हुए मशीन को पुन: शुरू कर दिया है।

### असामाजिक तत्वों ने चोरी कर लिए थे नल

आपको बता दे की सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड में लगी आरओ मशीन के नल को असामाजिक तत्वों द्वारा चोरी कर लिया गया था, जिस




कारण से आरओ मशीन से पानी आना बंद हो गया था एवं बताया भी जाता है कि आए दिन यात्री प्रतीक्षालय बस स्टैंड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, जो की रात्रि के समय यहां से कभी लोहे की कुर्सियां चोरी करते हैं, तो कभी यहां पर लगी आरओ मशीन के नलों को चोरी कर पानी की मशीन को बंद कर देते हैं, जिस कारण से आरओ मशीन बंद हो जाती है और इसका खामियाजा आज आम जनता व यात्रियों को उठाना पड़ता है और कई दिनों तक आरओ मशीन बंद पड़ी रहती है, वहीं जिला प्रशासन भी इन असामाजिक तत्वों पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है एवं सुरक्षा की दृष्टि से यात्री प्रतीक्षालय में जिला प्रशासन द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

# प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक सम्पन्न

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर एसोसिएशन जिला सचिव एवं प्रवक्ता अमर सिंह ठाकुर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि नगर के साईं मन्दिर समीप जीजा माता सभागृह में प्रोग्रेसिव्ह पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता ए एल मोहारे जिलाध्यक्ष द्वारा की गई। बैठक में 30 जून को अपनी अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए शासकीय सेवकों को भी एक वेतनवृद्धि का लाभ दिलाने हेतु उच्च न्यायालय में दावा पारित किया गया।जिसका लाभ दावा प्रस्तुत करने वाले कर्मियों को ही प्राप्त होगा की जानकारी दी गई । संगठन के आजीवन सदस्य और साधारण वार्षिक सदस्यता अभियान में सक्रियता लाने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया जिसके लिए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में यथा मोती नगर , सरस्वती नगर , मयुर नगर , प्रेम नगर , दीनदयाल पुरम कालोनी , बुढ़ी , भटेरा चौकी , बैहर चौकी , सरेखा , चित्रगुप्त नगर, महाराणा प्रताप रोड, आदि क्षेत्रों में सेवानिवृत्त कर्मचारियों की बैठक लेकर संगठन का आजीवन या वार्षिक सदस्यता दिलायी जायें और संगठन से जुड़ने के लिए सभी पेंशनर्स साथियों से आग्रह किया जायें ताकि पेंशनर्स दिवस पर होने वाले कार्यक्रम में उनका यथोचित सम्मान किया जा सके साथ ही संगठन को मजबूत कर प्रदेश सरकार के प्रति अपनी आर्थिक मांगों व लंबित मांगों की पूर्ति करने के लिए संघर्ष किया जा सकें। संगठन के आजीवन या वार्षिक सदस्य अपनी समस्याओं को पत्र के माध्यम से संगठन में प्रस्तुत करे ताकि उनकी समस्यों का निराकरण करने का प्रयास संगठन द्वारा किया जायेगा।बैठक में डा. एस एस बिसेन ( संभागीय उपाध्यक्ष) ,डा. पी सी बिसेन , एफ एल बिसेन , ऋषिराम फूलबांधे , सुंधाशु तिवारी , मधु बुचुरकुन्डें, राजन श्रीवास्तव, एस एम पान्डे, राजेन्द्र बारमाटे, एस एल बसेने , पी एल मोहारे,(कोषाध्यक्ष ), पी आर देशमुख (वरिष्ट जिला सचिव ),एच आर रहांगडाले , पी एल राणा , के जी बिसेन , अमर सिंह ठाकुर सहित अनेक पेंशनर्स साथी उपस्थित रहे जिन्होंने सरकार द्वारा अभी तक मंहगाई राहत ना देने पर अपनी नाराजगी सरकार के प्रति दिखाई।

## गरीब कैदियों की सहायता के लिए समिति का गठन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति का सदस्य सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को बनाया गया है। वहीं समिति में पुलिस अधीक्षक,अधीक्षक जिला जेल तथा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो)/कारागार प्रभारी न्यायाधीश श्रीमती नौशीन खान शामिल किए गए है। समिति गरीब विचाराधीन कैदियो को जमानत राशि एंव दोषसिद्ध कैदियो की जुर्माना राशि आदि के भुगतान के लिए प्रत्येक मामले में वित्तीय सहायता की आवश्यकता का आंकलन करेगी। साथ ही प्रकरणों के लिए गये निर्णय के आधार पर केन्द्रीय नोडल ऐजेंसी खाते से राशि प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करेगी तथा कैदियो को राहत प्रदान करने के लिए संबंधित सक्षम प्राधिकारी (न्यायालय) को इसकी प्रतिपूर्ति करेगी। समति अपने कार्यों तथा निर्णित प्रकरणों पर कार्यवाही के लिये केन्द्रीय व जिला जेल अधीक्षक को नोडल अधिकारी नामांकित करेगी। साथ ही जरूरतमंद कैदियों के मामलों को संशोधित करने में उसकी सहायता करने के लिए समाज के नागरिक प्रतिनिधि, समाजिक कार्यकर्ता, जिला परिवीक्षा अधिकारी की सहायता भी ले सकेगी।

# 5 वर्षों से खाद्यान्न पर्ची के लिए भटक रहे हितग्राही

## शासकीय कार्यालयों के लगा रहे चक्कर, बड़ी कुम्हारी से आई महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिले के ग्रामीण अंचलों में अब भी ऐसे कई पात्र हितग्राही हैं जिन्हें खाद्यान्न पर्ची का लाभ नहीं मिल पा रहा है और जहा खाद्यान्न पर्ची ना होने के कारण वे बाजार से ऊंचे दामों में राशन खरीदने के लिए मजबूर हैं।बताया जा रहा है हितग्राहियों द्वारा शासन प्रशासन से कई बार खाद्यान्न पर्ची की गुहार लगाई गई है बावजूद इसके भी उनकी अब तक कोई सुनवाई नही कि गई है।जिसको लेकर हितग्राही काफी परेशान है और वे आए दिन शासकीय कार्यालयो के चक्कर काटने मजबूर है।जिसका एक नजारा मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय में देखने को मिला जहा जनपद पंचायत बालाघाट के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ी कुम्हारी से आई महिलाओ ने ज्ञापन सौपकर उन्हें राशन कार्ड खाद्यान्न पर्ची उपलब्ध कराने की मांग की। जहां महिलाओं ने बताया कि खाद्यान्न पर्ची न होने के चलते जहां एक ओर उन्हें महंगा चावल गेंहू खरीद कर खाना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी ओर अन्य योजनाओं का लाभ भी उन्हें नहीं मिल पा रहा है। जहां ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि वे पिछले 5 वर्षों से खाद्यान्न पर्ची के लिए शासकीय कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं लेकिन आज तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो



पाया है और वे आए दिन खाद्यान्न पर्ची के लिए कभी इस कार्यालय तो कभी उस कार्यालय जाने के लिए मजबूर है।इस दौरान रेखा उराड़े, कुंतन शेंडे अनिता दमाहे इमला उराडे, कविता उराडे सहित अन्य महिलाएं प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

### पिछले 5 सालों से काट रहे सरकारी कार्यों के चक्कर

ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान बड़ी कुम्हारी निवासी श्रीमती रेखा उराड़े, अनिता दमाहे और इमला उराडे,ने संयुक्त रूप से बताया कि हम गरीबी रेखा कार्ड के लिए पिछले कई वर्षों से शासकीय कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर है। कभी सरपंच, कभी सचिव, तो कभी तहसीलदार, तो कभी कलेक्टर कार्यालय आना पड़ रहा है।हमारे घर का सर्वे हो चुका है सर्वे में नाम भी आ चुका है फॉर्म भरकर भी दे दिए लेकिन गरीबी रेखा का राशन कार्ड, खाद्यान्न पर्ची नहीं बन रही है जिससे काफी परेशान होना पड़ रहा है कई बार गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### योजनाओं का भी नहीं मिल रहा लाभ

वही ज्ञापन को लेकर की गई चर्चा के दौरान ग्रामीण महिला कुंतन शेंडे, और अनीता दमाहे ने संयुक्त रूप से बताया कि हम लोग गरीबी रेखा के कार्ड के लिए आए हैं।पिछले पांच वर्षों से सिर्फ चक्कर ही काट रहे हैं लेकिन खाद्यान्न पर्ची नहीं बन रही है केवल हम ही नहीं बल्कि गांव में ऐसे 28 से 30 हितग्राही है। जिनका सर्वे में नाम है बावजूद इसके भी उनकी खाद्यान्न पर्ची नहीं बन रही है खाद्यान्न पर्ची नहीं बनने के चलते जहां एक ओर राशन दुकान से सस्ता राशन नहीं मिल पा रहा है तो वहीं दूसरी ओर बच्चो के नि:शुल्क एडमिशन, आरटीई सहित अन्य योजनाओं में गरीबी रेखा का कार्ड या खाद्यान्न पर्ची मांगी जा रही है जो हमारे पास नहीं है इसलिए हम कई शासकीय योजनाओं से भी वंचित है ।उन्होंने बताया कि अभी आगामी समय में आचार संहिता लग जाएगी तो हमारा काम फिर 6 महीने के लिए पेंडिंग हो जाएगा हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द खाद्यान्न पर्ची बनाकर दी जाए ताकि खाद्यान्न सहित अन्य योजनाओं का लाभ भी हमें मिल सके।

# जिले में रेत भंडारण की सूची अगली बैठक तक प्रस्तुत होगी

## गर्रा और भरवेली में खुलेंगे सांची पार्लर, सभी एसडीएम ने पेट्रोल पम्प व गैस एजेंसियों की जांच की दी जानकारी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने खनिज विभाग से अगली बैठक तक जिले में रेत भंडारण की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। यदि अवैध रेत भंडारण मिले तो कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। साथ ही निर्माण कार्यो से जुड़े विभाग भी ठेकेदारों से रेत भंडारण के लिए अनुमति के लिए निर्देशित करें। उनके आवेदन पर हाथों हाथ अनुमति देने की कार्यवाही की जाएगी। वही सम्बंधित विभाग के अधिकारी अनुमति के पश्चात सत्यापन का कार्य करके के रिपोर्ट भी देंगे। बैठक में सभी अनुभागों के राजस्व अधिकारियों से पेट्रोल पंप व गैस एजेंसी की जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देशों का पालन प्रतिवेदन मांगा।



सभी एसडीएम द्वारा जांच रिपोर्ट से अवगत कराया गया। साथ ही जांच में शेष बचें पेट्रोल पंप व गैस एजेंसियों की भी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा, एडीएम श्री धुर्वे व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वन विभाग के एसडीओ देंगे प्रमाण पत्र

कलेक्टर डॉ. मिश्राने वन विभाग के सभी एसडीओ से उनके क्षेत्र में आ रहें एफआरए पट्टों के सम्बंध में फौती नामांतरण के लिए शेष बचें प्रकरणों की जानकारी मांगी है। उन्होंने कहा कि उन किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि और सीएम किसान सम्मान निधि से लाभान्वित किया जाना है। इश्लिये अगली टीएल बैठक में फौती नामांतरण में शेष बचें प्रकरणों के सम्बंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एमपीआरडीसी विभाग को निर्देश दिए कि गर्रा और भरवेली क्षेत्र में सड़क के पास सांची पार्लर खोले जाने है। इनके लिए दूध संघ को एनओसी जारी कर अवगत कराएं। बैठक के दौरान नव नियुक्त पटवारियों की ट्रेनिंग के लिए प्रशिक्षण केंद्र व्यवस्थित करने के निर्देश दिए है। इसके लिए रिटायर्ड डिप्टी कलेक्टर्स का पैनल बनाया जाए और महिला पटवारियों के लिए केंद्र पर पुलिस गार्ड की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए।

# तेज आवाज वाले साइलैंसर युक्त वाहन चालकों पर यातायात विभाग ने की कार्यवाहीं

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। यातायात पुलिस द्वारा तेज आवाज वाले साइलेंसर लगी बुलेट गाड़ियों पर कार्रवाई की जा रही है, देखा जा रहा था कि शहर में कुछ बुलेट गाड़ियां ऐसी घूम रही है।जिसे पटाखे फोड़ने जैसी उनके साइलैंसर से आवाज आ रही थी, जिस पर यातायात पुलिस द्वारा इन दिनों चेकिंग लगाकर शहर के विभिन्न चौक चौराहों में कार्रवाई की जा रही है, जिसमें अभी तक लगभग 9 बुलेट के वाहन चालको पर कार्यवाहीं की जा चुकी है। आपको बता दे की तेज पटाखे जैसे आवाज या बंदूक की आवाज वाले साइलैंसर युक्त कुछ गाड़ियां शहर में चल रही थी, जिन पर अब यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए चौक चौराहों में चेकिंग पॉइंट लगाए गए हैं और अभी कुछ दिन पहले ही यातायात पुलिस द्वारा कुछ गाड़ियों के शोरूम और मैकेनिकों के दुकानों पर भी कार्रवाई की गई थी जिसमें भी पुलिस को ऐसे मॉडिफाई किए हुए साइलैंसर मिले थे, जिन पर भी यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई थी , वहीं यातायात थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि अधिकतर शहर में देखा जा रहा था कि कुछ बुलेट



गाड़ियों में मॉडिफाई किए हुए साइलैंसर लगे हुए हैं और उनसे तेज ध्वनि एवं पटाखे फोड़ने जैसी आवाज आ रही थी, जिन पर यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए लगभग नौ वाहन चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है और उनके चालान काटे गए हैं।

# अज्ञात वाहन की ठोस से सड़क निर्माण कर्मचारी घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट -गोंदिया राज्य मार्ग के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे सुपरवाइजर को बीती रात एक अज्ञात वाहन चालक ने ठोस मार कर घायल कर दिया।जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल का नाम हरियाणा थाना सदर चरखी दादरी ग्राम बिहारी कला निवासी 20 वर्षीय मोनू पिता कुलदीप सागवान बताया गया है जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है प्रति जानकारी के अनुसार हरियाणा के बिहारी कला निवासी मोनू सड़क निर्माण कंपनी में कार्यकर्ता है जो वर्तमान में गोंदिया और बालाघाट के बीच चल रहे सड़क निर्माण कार्य में बतौर सुपरवाइजर के तौर पर कार्य करता है बताया जा रहा है कि रोजाना की तरह वह बीती रात गोंदिया बालाघाट रोड का निर्माण कार्य का देखरेख कर रहा था।जो रोडे किनारे अपने साथियों के साथ खड़ा था कि तभी बालाघाट की तरफ से गोंदिया के तरफ जा रहे एक अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे ठोस मार दी जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिस पर उसके साथियों ने उसे निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है जहां उसका उपचार जारी है।

# समिति प्रबंधकों के चयन के लिए कैडर उपसमिति की हुई बैठक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मप्र शासन के सहकारिता विभाग के निर्देशानुसार संवर्ग गठन के अंतर्गत सहायक समिति प्रबंधक से समिति प्रबंधकों के चयन के लिए कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। कैडर उपसमिति की बैठक में आपत्तिकर्ताओं की सुनवाई कमेटी के समक्ष की गई। इस दौरान बैंक सीईओ आरसी पटले, उपायुक्त सहकारिता श्री सरोते, प्रबंधक लेखा पी. जोशी, अधीक्षक श्रीमती अन्नम हरपाल व राजेश नगपुरे उपस्थित रहे।



# महिला द्वारा मारपीट का दर्ज कराया गया झूठा मुकदमा


## मामले की निष्पक्ष जांच कराने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, ग्राम धापेवाडा का मामला

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम धापेवाड़ा में 6 मार्च को हुई मारपीट वाले मामले में निष्पक्ष जांच कराने के मांग को लेकर दिव्यंग मुकेश व उसका भाई दिनेश ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। जहां उन्होंने मामले में निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।बताया गया कि पुरानी रंजिश को लेकर 6 मार्च को यह मारपीट की घटना हुई थी जिसमे घायल एक महिला को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। तो वही महीला द्वारा जिन दो युवकों पर मार पीट का आरोप लगाया गया था उन्होंने आज उस मारपीट का खण्डन करते हुए उक्त महिला पर षडयंत्र पूर्वक फसाने का आरोप लगाया है। जहां सौंपे गए इस ज्ञापन में दिव्यांग मुकेश डहारे ने बताया की उसे आखों से नही दिखता और मेरे भाई द्वारा भी कोई मार पीट नही की गई है, उक्त महिला शीला दुर्वे ब उसके पति द्वारा हमे षडयंत्र पूर्वक फसाया जा रहा है। जिसके निष्पक्ष जांच करने के लिए कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा गया है।



# विधायक अनुभा मुंजारे ने सर्राटी जलाशय माइनर नहर के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## निरीक्षण में पाई अनियमितता, अधिकारी एवं ठेकेदार को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की दी हिदायत





लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। नगर मुख्यालय से लगभग ८ किमी. दूर ग्राम पंचायत टेकाड़ी ला. के अंतर्गत आने वाली सर्राटी जलाशय माइनर नहरों का जल संसाधन विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना के अंतर्गत २३ करोड़ ९० लाख, ९० हजार रूपयों की लागत से सीमेन्टीकरण का कार्य किया जा रहा है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा निर्माण कार्य में भारी अनियमितता बरतने के साथ ही घटिया मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है एवं तराई भी नही की जा रही है। जिसके कारण निर्माण के साथ ही कुछ स्थानों पर दरारे भी आने लगी थी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य नही करवाया जा रहा था, जिससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। साथ ही उक्त समस्या को गत दिवस समाचार अखबारों में भी प्रकाशित कर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों का भी ध्यानाकर्षण करवाया गया था और क्षेत्रीय किसानों ने भी बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे को नहर के सीमेन्टीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण नही होने की शिकायत की थी। जिसके बाद बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे १२ मार्च को जल संसाधन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं किसानों के साथ सर्राटी जलाशय माइनर नहर के सीमेन्टीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण दौरान विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने नहर के सीमेन्टीकरण कार्य में अनियमितता पाई और गुणवत्ता पर भी कई सवाल उठाये क्योंकि सीमेन्टीकरण कार्य की तराई नही होने के कारण कुछ स्थानों पर लाईनिंग कार्य में दरारे आ गई है। जिस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए श्रीमती मुंजारे ने जिम्मेदार अधिकारी एवं निर्माण कंपनी के ठेकेदार को हिदायत देते हुए कहा कि अंग्रेजों के शासनकाल में बने माइनर नहर का १०० साल बाद सीमेन्टीकरण का कार्य करोड़ों रूपयों की लागत से किया जा रहा है ताकि आसानी से क्षेत्रीय किसानों को फसल में सिंचाई के लिए पानी मिल सके परन्तु जिस तरह से निर्माण किया जा रहा है। जिससे ऐसा लग रहा है कि कुछ ही सालों में नहर खराब हो जायेगी और गुणवत्ता का भी ध्यान नही रखा जा रहा है इसलिए निर्माण कार्य होने के बाद जहां-जहां से नहर में दरारे आ गई है उसका मरम्मत कार्य एवं किसानों की मांग के आधार पर कुलापे बनाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाने की बात कही। साथ ही यहां भी कहा कि निरीक्षण के बाद भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार नही होने पर जिम्मेदारों पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी और लंबे समय बाद नहर का सीमेन्टीकरण का कार्य किया जा रहा है इसलिए गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य किया जाना चाहिए ताकि लंबे समय से नहर टीक सके और क्षेत्रीय किसानों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, किसान कांग्रेस संगठन जिलाध्यक्ष सुमेन्द्र पटले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी एवं कृषकगण उपस्थित रहे।

### सर्राटी जलाशय किसानों के लिए जीवनदायिनी है - अनुभा

विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे ने बताया कि सर्राटी जलाशय के माइनर नहरों का सीमेन्टीकरण का कार्य जारी है परन्तु निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने की शिकायत बार-बार किसान कर रहे थे इसलिए विभागीय अधिकारी एवं किसानों के साथ मिलकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया है कि नहर का लाईनिंग कार्य गुणवत्तापूर्ण नही किया जा रहा है उसमें अनियमितता बरती जा रही है साथ ही कई स्थानों से सीमेंट उखड़ने लगी है। अगर इस तरह से काम होते रहा तो किसानों के खेतों तक पानी नही पहुंच पायेगा और समय से पहले ही नहर खराब हो जायेगी इसलिए विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार से कहा गया है कि निर्माण कार्य में सुधार कर जिस स्थान पर घटिया निर्माण हुआ है उसे तोड़कर दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण करवाये ताकि लंबे समय तक नहर टीक सके और क्षेत्रीय किसानों को आसानी से फसल में सिंचाई के लिए पानी मिल सके। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में ७० प्रतिशत आबादी किसानों की है जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि है और हम चाहते है कि हमारे सभी किसानों के खेतों तक नहर का पानी पहुंच सके और वे फसल उत्पादन लेकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सके एवं किसानों की समस्या को गंभीरता से लेकर उस पर काम किया है और मेरे द्वारा किसानों के हित में विधानसभा में भी सर्राटी जलाशय का मामला उठाया गया था। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि सर्राटी जलाशय का निर्माण भले ही अंग्रेजी शासनकाल के दौरान हुआ हो परंतु यह जलाशय आज भी हमारे क्षेत्र के किसानों के लिये जीवनदायिनी का काम कर रहा है जिससे क्षेत्र की हजारों हेक्टेयर की भूमि सिचिंत होती है लेकिन काम सही तरीके एवं देख-रेख नही होने के कारण चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़िया उग चुकी है। जिससे भविष्य में दुर्घटना घटित होने का अंदेशा बना हुआ है, इंजीनियर को निर्देशित कर तालाब के पारों में उग चुकी झाड़ियों की साफ-सफाई करने कहा गया है।

### तराई नही होने से आई है दरारे

श्रीमती मुंजारे ने बताया कि किसानों से शिकायत मिल रही थी कि नहर के लाईनिंग कार्य में ठेकेदार के द्वारा नियमित रूप से तराई नहीं की जा रही है जिसके कारण नहर के सीमेन्टीकरण के लाईनिंग कार्य में दरारे पड़ चुकी है। जबकि सीमेंट के काम में पानी की तराई अधिक होनी चाहिए तभी मजबूती आती है परन्तु निर्माण कंपनी के द्वारा तराई बराबर नही की गई है जिसके कारण कुछ स्थानों पर दरारे आ चुकी है। श्रीमती मुंजारे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान देखने में मिला कि पानी टेंकर से तराई की जा रही थी एवं निर्माण कंपनी व विभागीय अधिकारियों से कहा गया है कि तराई नियमित रूप से करवाये, निर्माण कार्य में लापरवाही न बरते और मेरे द्वारा समय-समय पर निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया जायेगा एवं ग्रामीणजन को अगर निर्माण कार्य में किसी प्रकार की अनियमितता उन्हे दिखाई देती है तो मुझे अवगत करवाये और विभागीय अधिकारी एवं निर्माण कंपनी से कहा गया है कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण करवाये अन्यथा उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

### निर्माण कार्य में जो कमियां सामने आई है उसमें किया जायेगा सुधार - परस्ते

दूरभाष पर चर्चा में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री उदयसिंह परस्ते ने बताया कि सर्राटी जलाशय माइनर नहर का सीमेन्टीकरण एवं कुलापों का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री खनिज कल्याण क्षेत्र योजना से स्वीकृत राशि २३ करोड़, ३५ लाख, ९० हजार रूपयों की लागत से किया जा रहा है। श्री परस्ते ने बताया कि मंगलवार को बालाघाट विधायिका श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा सर्राटी जलाशय माइनर नहर के सीमेन्टीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया है। जिनके द्वारा निर्माण स्थल पर कुछ कमियां पाई गई है जिसे दुरूस्त कर गुणवत्तापूर्ण कार्य करवाया जायेगा और समय-समय पर निरीक्षण कर जो भी कमियां नजर आयेगी उसे निर्माण कंपनी से पूर्ण करवाया जायेगा ताकि क्षेत्रीय किसानों को नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए आसानी से पानी मिल सके।


# महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की हुई बैठक

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में १२ मार्च को जनभागीदारी समिति की सामान्य परिषद की बैठक संपन्न हुई। यह बैठक शासकीय महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्रीमती भारती पारधी की अध्यक्षता में प्रारंभ हुई। आयोजित बैठक में महाविद्यालय विकास से संबंधित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। वहीं जन भागीदारी समिति सदस्य दामेन्द्र धानेश्वर के द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में बी.एस.सी. तृतीय वर्ष बायो एवं गणित संकाय में महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु श्रीमती देवलता किसनलाल धानेश्वर के नाम से ५००१-५००१ रूपये की राशि पुरस्कार देने की घोषणा की गई है। साथ ही मनीष शिवहरे के द्वारा भी बी.ए. तृतीय वर्ष में महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी के उत्साहवर्धन हेतु अपनी माता श्रीमती अरूणा ललित शिवहरे के नाम से ५००१ रुपये राशि का सिल्वर मेडल प्रतिवर्ष देने की घोषणा की गई है। जिसकी जनभागीदारी के सभी सदस्यों एवं महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यों द्वारा सराहना की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्रकुमार खंडायत, सांसद प्रतिनिधि किशोर पालीवाल, विधायक प्रतिनिधि अनिल (बब्बी) शर्मा, लालबर्रा नायब तहसीलदार सुरेश उपाध्याय, लोक निर्माण विभाग सहायक यंत्री आनन्द बंसोड़, जनभागीदारी समिति सदस्य डॉ. अरुण लानगे, दामेन्द्र धानेश्वर, सरोवर टेम्भरे, श्रीमती तरूणलता तुरकर, कैलाश हुमनेकर, हिमालय टेम्भरे, प्रकाश रहांगडाले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# पेड़ पर लटकी मिली राहुल की लाश

## पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा, जांच में जुटी पुलिस





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा थानांतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत छतेरा निवासी २५ वर्षीय राहुल भगत की लाश पुलिस ने मंगलवार को गांव के समीप जंगल स्थित अमराई से बरामद की है। जिसका पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छतेरा निवासी हीरालाल भगत का २५ वर्षीय बेटा राहुल भगत सोमवार को रात १० बजे परिवार के अन्य सदस्यों के साथ खाना खाने के बाद अपनी मम्मी को बताया कि मैं अपने दोस्तों के साथ चौक की ओर से घुमकर आता हूं परन्तु देररात्ति तक वह नही आया, तो परिजनों को लगा कि वह अपने दोस्त के घर चले गया होगा। मंगलवार की प्रात: के समय ग्रामीणजन जब गांव के समीप जंगल की अमराई की ओर शौच करने गये तो पलसे की पेड़ पर एक युवक लटका हुआ दिखाई दिया, समीपस्थ जाकर देखे तो राहुल था। जिसके बाद उसके परिजन एवं पुलिस को घटना की सूचना दी गई। वहीं फांसी पर लटकी लाश मिलने की जानकारी ग्राम में आग की तरह फैल गई और देखने वालों की भीड़ लग गई। जिसके बाद थाना प्रभारी पुलिसबल के साथ घटना स्थल पहुंचकर परिजनों व ग्रामीणों की मदद से फांसी पर लटकी लाश को नीचे उतारकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए मृतक युवक को लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सक के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक राहुल भगत पुणे (महाराष्ट्र) में किसी कंपनी में काम करता था जो एक माह पूर्व अपने गांव छतेरा आया था एवं परिजनों के साथ रह रहा था। साथ ही माँ-बाप का इकलौता बेटा था, घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका है। राहुल ने फांसी किस कारण से लगाया है कारण अज्ञात है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। चर्चा में छतेरा सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र बिसेन ने बताया कि मंगलवार की प्रात: के समय मुझे फोन आया कि एक युवक की लाश जंगल स्थित अमराई के पलसे के पेड़ पर फांसी पर लटकी हुई है। जिसके बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गई जिसकी पहचान वार्ड नं. ३ निवासी राहुल भगत के नाम से की गई। जिसकी सूचना तत्काल उसके परिजनों एवं पुलिस को दी गई और पुलिस घटना स्थल पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। श्री बिसेन ने बताया कि राहुल भगत पुणे महाराष्ट्र में किसी कंपनी में काम करता था, १ महीने पहले ही गांव आया था, जो सोमवार की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद रात १० बजे दोस्तों के साथ घुमकर आता हूं बोलकर निकला था परन्तु देररात्ति तक वापस नही आया और सुबह फांसी पर लटका हुआ मिला है, किस कारण से उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है पता नही, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इनका कहना है।

छतेरा निवासी २५ वर्षीय राहुल भगत की फांसी पर लटकी लाश बरामद की गई है, जिसका पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**हेमंत नायक**
**थाना प्रभारी**
**लालबर्रा।**

# रटेगांव में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रटेगांव में न्यू अनाड़ी क्लब के तत्वाधान में १२ मार्च को टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अतिथियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात रिबिन काटकर टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया और प्रथम दिन शो-मैच खेला गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए खिलाड़ियों से खेल को खेल की भावना से खेलने की बात कही। चर्चा में न्यू अनाड़ी क्लब रटेगांव के पदाधिकारियों ने बताया कि १२ मार्च को टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया है और प्रथम दिन शो-मैच खेला गया। साथ ही यह भी बताया कि आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ११००० रूपये, द्वितीय पुरस्कार ८००१ रूपये एवं प्रवेश शुल्क ३५० रूपये निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर जिलेभर के क्रिकेट टीम में खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील अध्यक्ष भजने बिलोने, उमेश मेश्राम, सचिव कुंदन मर्सकोले, विकास रहांगडाले, चिन्मय बिसेन, गज्जू बिसेन, अविनाश रजक, विकास रहांगडाले, सुधीर बिसेन, सुधीर मर्सकोले, कुरीपाल, शमीर, गणेश मेश्राम, राज, लक्ष्मण, जतीन, प्रमोद, राहुल, नितिन, राजू, अजय, मोहित, लोकेश, विक्की, टिकेश, अंशु, रौनक, अंकित ने की है।



# कक्षा पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा जारी





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार गत ६ मार्च से कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा जारी है। लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये २३ परीक्षा केन्द्रों में कक्षा पांचवी के २६३६ विद्यार्थियों ने पर्यावरण एवं कक्षा आठवीं के २७०६ विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र हल किये एवं १२५ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में भी गत ६ मार्च से कक्षा पांचवीं एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा जारी है और १२ मार्च को कक्षा ५ वीं के १९१ विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय एवं कक्षा ८ वीं के १५९ विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र प्रात: ९ बजे से ११.३० बजे तक शांतिपूर्वक तरीके से हल किये एवं किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है और ९ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा ५ वीं की वार्षिक परीक्षा उर्दु एवं संस्कृत विषय के प्रश्नपत्र के साथ आज संपन्न हो जायेगी एवं १४ मार्च को कक्षा ८ वीं की सामाजिक विज्ञान के प्रश्नपत्र के साथ संपन्न होगी। जिसके बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। चर्चा में बीआरसी श्रीराम तुरकर ने बताया कि राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार गत ६ मार्च से कक्षा ५ वीं एवं ८ वीं की बोर्ड परीक्षा जारी है जिसमें लालबर्रा विकासखण्ड में बनाये गये २३ परीक्षा केन्द्र में कक्षा ५ वीं में कुल दर्ज २६८९ में से २६३६ विद्यार्थियों ने पर्यावरण विषय एवं कक्षा ८ वीं के कुल दर्ज २७७८ में से २७०६ विद्यार्थियों ने विज्ञान विषय का प्रश्नत्त शांतिपूर्वक तरीके से हल किये एवं किसी भी केन्द्र में किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है और १२५ विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। श्री तुरकर ने बताया कि कक्षा ५ वीं में उर्दु एवं संस्कृत विषय नही है ऐसे विद्यार्थियों की परीक्षा पर्यावरण विषय के प्रश्नपत्त के साथ १२ मार्च को संपन्न हो चुकी है और जिनके उर्दु एवं संस्कृत विषय है उनकी परीक्षा आज समाप्त हो जायेगी एवं कक्षा ८ वीं की परीक्षा १४ मार्च को सामाजिक विज्ञान के प्रश्नपत्त के साथ संपन्न होगी। साथ ही यह भी बताया कि जिले से गठित टीम के द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जा

कंजई में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# नीलम मड़ावी पर पड़ोसी ने किया कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला

## आदिवासी समाज ने पुलिस थाना में पहुंचकर की कठोर कार्यवाही की मांग

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कटंगझरी के वार्ड नंबर १६ निवासी नीलम मड़ावी पर १० मार्च को उसके पड़ोसी रामदयाल कोसरे के द्वारा कुल्हाड़ी से प्राण घातक हमला कर रिपोर्ट नही करने के लिए दबाव बनाया गया। जिसमें आदिवासी समाज के द्वारा पीड़ित के साथ पुलिस थाना वारासिवनी में पहुंचकर आरोपी वर्ग पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। जिसमें पुलिस के द्वारा भादवि एवं एट्रोसिटी की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। फ्लिहाल पुलिस के द्वारा आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।**







### यह है मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कटंगझरी के वार्ड नंबर १६ निवासी नीलम मड़ावी और उनके पिता ज्ञानीराम मड़ावी के द्वारा ट्रैक्टर इंस्टॉलमेंट पर खरीदा गया था जिसकी किस्त समय से पटाने का कार्य किया जाता था। परंतु नीलम मड़ावी किस्त पटना भूल गया था जिसको लेकर पिता और पुत्र के मध्य ट्रैक्टर की किस्त पटाने को लेकर १० मार्च की रात करीब ११ बजे वह अपने घर में विवाद स्वरूप चर्चा कर रहे थे। जिसमें नीलम मड़ावी के द्वारा ११ मार्च को किस्त पटाने की बात कही गई । इस दौरान अचानक पड़ोसी रामदयाल पिता स्वर्गीय झनकलाल कोसरे अपने घर से चिल्लाता हुआ तलवार जैसी धारदार वस्तु लेकर निकला । जिसके हाथ से धारदार वस्तु को उसकी बेटी के द्वारा छीन लिया गया तो आक्रोश में रामदयाल ने धारदार हथियार के रूप में कुल्हाड़ी उठाकर नीलम मड़ावी के घर पर ही गर्दन पर मार दिया। जिससे गर्दन में बहुत ज्यादा कट गया था इसके बाद उनके परिवार के द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए पीड़ित नीलम मड़ावी को बेसुध स्थिति में शासकीय सिविल अस्पताल वारासिवनी में तत्काल लाकर उपचार कराया गया । जहां पर अज्ञात कारण दर्शाकर उपचार के तुरंत बाद उसे उसके घर में लाकर रख दिया गया।

### धमकी देकर रिपोर्ट नहीं करने बनाया दबाव

घटना में घायल नीलम मड़ावी को ११ मार्च की सुबह होश आने पर पुलिस में रिपोर्ट करने की चर्चा की गई । तो रामदयाल कोसरे के परिवार के द्वारा उनके ऊपर रिपोर्ट नहीं करने के लिए जान से मारने की धमकी देते हुए दबाव बनाया । इसके बाद वह रिपोर्ट करने के लिए नहीं आए इसकी जानकारी ग्राम के सामाजिक बंधुओ के द्वारा समाज के पदाधिकारियों को दी गई । जिन्होंने बैठक आयोजित कर घटना की समस्त जानकारी लेकर आरोपी के ऊपर रिपोर्ट दर्ज करने का निर्णय किया गया। जिसके बाद १२ मार्च को आदिवासी समाज के पदाधिकारी सदस्य सहित पीड़ित पुलिस थाना वारासिवनी पहुंचे । जहां पर उनके द्वारा थाना प्रभारी से मुलाकात कर घटना की जानकारी बताकर मामले में कठोर कार्यवाही करने की मांग की गई। इसके बाद घायल नीलम मड़ावी को पहले से बोलने में दिक्कत हो रही थी जिसे सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार जारी है।

### पुलिस ने मामले में अपराध किया कायम

पुलिस के द्वारा घटना की जानकारी लगते ही घायल का डॉक्टर मुलायजा करवाकर दोनों पिता पुत्र की बात के बीच में आकर नीलम मड़ावी की गर्दन पर कुल्हाड़ी से हमला कर आदिवासी होने से जातिगत अपमानित करने वाले व्यक्ति रामदयाल पिता झनकलाल कोसरे कटंगझरी निवासी के खिलाफ पुलिस ने नीलम मड़ावी की रिपोर्ट पर भादवी की धारा २९४,३२३,३२४,५०६ एसटीएससी अधिनियम की धारा ३ (२) (५ ए), ३ (१) (द), ३ (१) (ध) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है।

### हमला करने वालों पर हत्या के प्रयास एवं एट्रोसिटी एक्ट के तहत कार्यवाही होना चाहिए -भुवनसिंह कोर्राम



आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष भुवनसिंह कोर्राम ने पद्मेश से चर्चा में बताया कि १० मार्च की घटना है । कटंगझरी में पिता पुत्र का झगड़ा हो रहा था तो पड़ोसी कुल्हाड़ी लेकर आया और नीलम मड़ावी के गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। १० मार्च की घटना है ११ मार्च को पूरे समय पीड़ित परिवार को धमकी दी जा रही थी । की रिपोर्ट करोगे तो गोली मार देंगे पैसे देकर मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा था जिसके कारण वह पुलिस थाना नहीं आए। यह जानकारी समाज के संज्ञान में परसराम मड़ावी के द्वारा लाई गई जिसके लिए हम इस परिवार को न्याय दिलाने के लिए थाने में आए हुए हैं। हम चाहते है कि जिस प्रकार से गंभीर हमला हुआ है इसमें हमला करने वालों पर हत्या के प्रयास एवं एट्रोसिटी एक्ट के तहत कठोर कार्यवाही होना चाहिए।

### उनकी बेटी धमकी दे रही है की रिपोर्ट करोगे तो गोली मार देंगे-करूणा मड़ावी

घायल की पत्नी करुणा मड़ावी ने बताया कि घायल मेरा पति है मेरे पति और ससुर के बीच में ट्रैक्टर की किस्त पटाने को लेकर विवाद हो रहा था। जिस पर मेरे पति ने कहा कि वह कल जाकर किस्त पटा देंगे तभी बाजू वाले व्यक्ति आया और तुम कैसे रात में लड़ रहे हो यह कहते हुए तलवार लेकर आए थे जिसे उनकी बेटी ने सामने आकर छुड़ा लिया था। फिर उन्होंने कुल्हाड़ी उठाकर मार दिया रात करीब १२ बजे की यह घटना है । उसके बाद उनकी बेटी धमकी दे रही है की रिपोर्ट करोगे तो गोली मार देंगे। जिंदा नहीं छोड़ेंगे इलाज के लिए हम पैसे दे देंगे कहते हैं , हम आज थाने आए हैं हमें न्याय चाहिए।



### जो भी अपराधी है उस पर कठोर कार्यवाही हो- परसराम मड़ावी

ग्रामीण परसराम मड़ावी ने बताया कि रात १० बजे करीब यह घटना होने के बाद पीड़ित एफ आईआर नहीं होने पर आये तो इन्होंने बताया कि रिपोर्ट करने से उन्हें रोका जा रहा है । इनके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला हुआ है जिसकी रिपोर्ट नहीं करने दे रहे हैं। तो इस प्रकार का हमारे समाज के साथ अत्याचार हो रहा है। हमारा बोलने वाला कोई नहीं है हम गरीब मजदूर आदिवासी लोग है । इस प्रकार भोले भाले लोगों पर अत्याचार किया जा रहा है। हम चाहते हैं कि जो भी अपराधी है उस पर कठोर कार्यवाही हो।



# सेमड़िया तालाब से नही मिल रहा किसानों की फसल को पानी

## मामला - ग्राम पंचायत कोस्ते का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । ग्राम पंचायत कोस्ते में सेमड़िया तालाब से किसानों को पानी नही मिल रहा है । जिसकी मुख्य वजह तालाब के सूखने को बताई जा रही है। वर्तमान समय में जनपद पंचायत वारासिवनी अंर्तगत आने वाले अधिकांश ग्राम के तालाब सूख चुके है। जिसकी वजह से पानी की समस्या ग्रामीण क्षेत्र में बनी हुई है। इस बात की शिकायत पंचगणों द्वारा जिला पंचायत को भी दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर ग्राम के तालाब का गहरीकरण हो जाता तो उन्हे इस समस्या से जूझना नही पड़ता।



### तालाब का होना चाहिये गहरीकरण - मूलचंद आड़े

इसी तरह किसान मूलचंद आड़े ने पद्मेश को बताया कि हम लोगों को ग्रामों के तालाब का कुछ फायदा नही मिलता। फिलहाल एक तालाब में पानी है वही दूसरा तालाब सूख चुका है। सरपंच को भी इस बारे में अवगत करा चुके है। मगर हमारी कोई सुनवाई नही हो रही है। १२ मार्च्र को हमारे वार्ड के पंच व सरपंच जिला पंचायत गये हुये थे। वे लोग भी यही चाहते है कि तालाब का गहरीकरण हो ताकि भविष्य में हमें पानी की समस्या से परेशान न होना पड़े। जब इस संबंध में ग्राम कोस्ते के जिम्मेदारों से दूरभाष पर चर्चा करनी चाही गई तो उनसे संपर्क स्थापित नही हो पाया।

### हमारी फसल को नही मिल रहा तालाब का पानी - सत्य प्रकाश बिसेन

पद्मेश को जानकारी देते हुये वार्ड पंच १९ सत्य प्रकाश बिसेन ने बताया कि उनके पिता जी गिरवर बिसेन २० वर्ष से सरपंच रहे। हमारे ग्राम में पानी की काफी समस्या है। हमारी रबी की फसल को तालाब से पानी नही मिल रहा है। यह दोनों सेमड़िया तालाब व एक अन्य तालाब है जो बस्ती की खेती भूमि को सिंचित करते है। मगर गर्मी आते ही यह तालाब का पानी अटने लगता है। जिसका गहरीकरण करवाये जाने १२ मार्च को हमने जिला पंचायत में जाकर अपनी आमद दर्ज कराई है। अगर यह दोनो तालाब का गहरीकरण हो जाये तो वॉटर लेवल भी काफी अच्छा रहेगा वही हमारे किसानों को पानी भी पर्याप्त रूप से मिलता रहेगा। हमने इसके टीएस व एस को लेकर जिला पंचायत को सूचित किया है। साथ ही आवेदन भी दिया है।

# बड़ी नहर के पानी के गड्ढे में डूबने से राजू मात्रे की मौत

## मामला पुलिस थाना वारासिवनी के ग्राम कायदी की नहर का

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना वारासिवनी अंतर्गत ग्राम कायदी स्थित रेल्वे स्टेशन के पास बड़ी नहर के पानी के गड्ढे से अज्ञात व्यक्ति का शव वारासिवनी पुलिस के द्वारा बरामद कर उसकी शिनाख्त राजू पिता गन्नू लाल मात्रे उम्र २५ वर्ष ग्राम पंचायत आलेझरी के ग्राम रजेगांव निवासी के रूप में की गई। जिसमें पुलिस के द्वारा आवश्यक कार्यवाही कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कायदी के ग्रामीण प्रतिदिन की तरह १२ मार्च की सुबह अपने कार्यों में लगे हुए थे। जिसके लिए वह आवागमन कर रहे थे तभी उन्होंने देखा कि रेल्वे स्टेशन के पास बड़ी नहर के पानी के गड्ढे में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है जो पानी में डूबा हुआ है। जिसकी जानकारी उनके द्वारा तत्काल पुलिस थाना वारासिवनी को दी गई । सूचना पर सहायक उप निरीक्षक महेलसिंह धुर्वे ग्राम कायदी में पहुंच कर सूचना अनुसार रेल्वे स्टेशन के पास नहर पुलिया में देखा गया। तो गड्ढे में एक व्यक्ति पानी में डूबा हुआ था जिसकी मौत हो गई थी। जिसे बाहर निकाल कर देखा गया तो उसके पास से प्राप्त दस्तावेज के अनुसार पता चला कि वह ग्राम पंचायत आलेझरी के ग्राम राजेगांव निवासी गन्नूलाल मात्रे का २५ वर्षीय पुत्र राजू मात्रे है। जिसके परिवार को घटना की जानकारी देकर पुलिस के द्वारा मामले में मौका निरीक्षण कर आवश्यक पंचनामा कार्यवाही करने के उपरांत शव को वारासिवनी पोस्टमार्टम गृह में लाकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही कर अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। पुलिस को जानकारी देते हुए मृतक के पिता गन्नुलाल पिता सुखलाल मात्रे ने बताया कि वह रजेगांव वार्ड नं. १० में रहते है मजदूरी का काम करता हूँ। मैं व मेरी पत्नि भूलनबाई साथ में रहते है मेरा लडका राजू मात्रे उम्र २५ वर्ष जो शिरडी महाराष्ट्र में रहकर मिस्त्री का काम करता था। राजू ने मुझे १० मार्च को मोबाईल से फोन लगाकर बताया था कि वह घर आ रहा है, जो ११ मार्च की सुबह ११.३० बजे घर रजेगांव आया था । और १२.३० बजे घर से शराब पीने चला गया फिर रात्री में ८ बजे गांव के डाक्टर भोजलाल खरे ने बताया की तुम्हारा लड़का रेल्वे स्टेशन के पास शराब पी रहा है। मेरा लडका राजू शराब पीने का आदि है,आज सुबह करीबन ८ डॉ.भोजलाल ने बताया की तुम्हारा बेटा राजू रेल्वे स्टेशन के पास बड़ी नहर के पानी के गड्ढे में डूबने से मौत हो गया है। तब मैं घटना स्थल नहर गया तो बेटा पानी के डूबा मृत पडा था।




### इनका कहना है

कायदी में नहर के गड्ढे में किसी व्यक्ति के डूबने से मौत होने की सूचना प्राप्त हुई थी । जिस पर मौके पर जाकर देखा तो राजू पिता गन्नू लाल मात्रे उम्र २५ वर्ष रजेगांव निवासी का शव पानी में डूबा हुआ था। जिसे बाहर निकाल कर आवश्यक कार्यवाही की गई है । वहीं मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है मृत्यु का कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा।

**महलसिंह धुर्वे**
**सहायक उपनिरीक्षक पुलिस थाना वारासिवनी**

# लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर अधिकारियों की बैठक संपन्न





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज) । नगर के तहसील कार्यालय स्थित सामुदायिक भवन में १२ मार्च को लोकसभा चुनाव को लेकर सेक्टर अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक एसडीम राजीव रंजन पांडे ,एसडीओपी अभिषेक चौधरी ,तहसीलदार शेख इमरान कुरेशी ,थाना प्रभारी चंद्रजीत यादव संहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें लोकसभा चुनाव को देखते हुए सेक्टर अधिकारी एवं सेक्टर पुलिस अधिकारी को उनके कार्यों से अवगत कराकर किस प्रकार की गतिविधि चुनाव के दौरान करना है। और किस प्रकार की सावधानियां रखना है बताया गया। साथ ही थाना क्षेत्र एवं विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केंद्रों में किस प्रकार सुविधा की जानी है। समस्त प्रकार की जानकारियां देकर निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। वहीं थाना अंतर्गत सामान्य संवेदनशील अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों का पुन:निरिक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीमती ललिता सुराना का दुखद निधन

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। पतंजलि योग समिति एवं भारत स्वाभिमान न्यास ,संस्कार भारती , श्वेतांबर जैन समाज ,व्यापारी संघ मेडिकल एवं ड्रग एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों से संबद्ध रहे जिले के ख्याति प्राप्त सुराना परिवार के वरिष्ठ सदस्य पदम सुराना की धर्मपत्नी श्रीमती श्रीमती ललिता सुराना का ११ मार्च को रात्रि लगभग ८.४५ बजे दुखद निधन हो गया। स्वर्गीय श्रीमती ललिता सुराना एक मृदुभाषी व्यवहार कुशल शांत सौम्य स्वभाव की धनी कुशल गृहणी मातृशक्ति थी। वह विगत कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य खराब चल रहा था। जिनका ११ मार्च की रात्रि में अचानक हृदय गति रुक जाने से ७७ वर्ष की उम्र में दुखद निधन हो गया। जो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ अनंत की यात्रा में है । जिनका अंतिम संस्कार १२ मार्च की दोपहर करीब ३ बजे नगर के स्थानीय मोक्षधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे । जिन्होंने ईश्वर से मृत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# राजनीति और उपेक्षा

अकेडमी अवॉर्ड के 96वें संस्करण का सबसे जीवंत पल डोनाल्ड ट्रंप के सौजन्य से आया। समारोह के उद्घोषक जिमी किमेल को हॉलीवुड की इस सबसे बड़ी रात को चटकदार बनाने के लिए शायद आतिशबाजी की कमी महसूस हुई, क्योंकि इस बार न कोई थप्पड़ कांड था, न ही ऑस्कर-बाद की विविधता संबंधी बहस को खुराक देने के लिए 'नाटू नाटू' का उन्मत्त नाच। किमेल ने इसकी भरपाई के लिए पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की खिंचाई का दांव खेला। इससे पहले ट्रंप ने किमेल की उद्घोषणा शैली की आलोचना की थी। अंतिम पुरस्कार से चंद मिनट पहले, मंच से ट्रंप का पोस्ट पढ़ते हुए, किमेल ने शांत भाव से पलटवार किया, 卐ज मैं हैरान हूं, क्या आपका जेल का समय बीत नहीं गया है?卐 निष्पक्ष ढंग से बात करें तो, ऑस्कर नाइट के बारे में ट्रंप का वह चिढ़-भरा आकलन पूरी तरह गलत नहीं था जो अति-प्रत्याशित ढंग से सामने आया। दौड़ में सबसे आगे चल रही, क्रिस्टोफर नोलन की द्वितीय विश्वयुद्ध- कालीन कृति 'ओपेनहाइमर' ने अपने 13 नामांकनों में से सात को जीत में बदला। इसमें 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेता' का पुरस्कार भी शामिल है, जो परमाणु बम के जनक जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर की भूमिका निभाने वाले सिलियन मर्फी को मिला। यकीनन यह नोलन के लिए एक गौरवशाली पल था, जिन्हें इससे पहले छह मौकों पर ऑस्कर के लिए नामांकित किया गया था। ऑस्कर से पहले, इस बात को लेकर थोड़ी चिंता थी कि हो सकता है ओपेनहाइमर अकेडमी के नये विविधता मानकों को पूरा नहीं कर पाए। शायद अकेडमी के वोटरों में पिछले साल की एक अन्य वैश्विक हिट के वींधते गुलाबी रंग के मुकाबले 'ओपेनहाइमर' के विषादपूर्ण छत्रक बादलों [परमाणु विस्फोट के समय बनने वाले मशरूम जैसे बादलों] का दबदबा रहा। ग्रेटा गेरविग की 'बार्बी' को सिर्फ एक पुरस्कार ('सर्वश्रेष्ठ मौलिक गीत') से संतोष करना पड़ा। इसके और नोलन की फिल्म के थिएटरों में आमने-सामने होने का खूब प्रचार हुआ था, जिसमें यह काफी आगे निकल गयी थी। अगर बगावती धार वाली कोई महिला-प्रधान और दृश्यात्मक रूप से नवोन्मेषी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म इस ऑस्कर में चमकी, तो वह 'बार्बी' नहीं, बल्कि 'पुअर थिंग्स' थी। योर्गोस लैंथिमोस की इस फिल्म ने अपने 11 नामांकनों में से चार को पुरस्कार में बदला। इसमें एम्मा स्टोन को मिला 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' का पुरस्कार भी शामिल है। उनका प्रदर्शन सराहा गया है, फिर भी इससे इस रात का सबसे बड़ा उलट-फेर हुआ ॒ मार्टिन स्कॉर्सेसे की 'किलर्स ऑफ द फ्लावर मून' में 'सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री' के लिए नामांकित पहली देशज अमेरिकी लिली ग्लैडस्टोन की जीत ऐतिहासिक हो सकती थी, लेकिन उनकी उपेक्षा की गयी।

इस साल के अकेडमी अवॉर्ड की हमवार सतह और सतर्कता भरी तरतीब (डेकोरम) को राजनीति ने बेतरतीब कर दिया। 'सर्वश्रेष्ठ डॉक्युमेंट्री' फीचर फिल्म का पुरस्कार घेराबंदी में फंसे यूक्रेनी शहर की जिंदगी पर बनी '20 डेज इन मारियुपोल' को मिला। यूक्रेन के लिए इस पहले पुरस्कार को ग्रहण करते हुए, निर्देशक मस्तिस्लाव चेर्नोव ने कहा कि काश वह 'यह फिल्म कभी नहीं' बना पाते, और अपनी मातृभूमि पर रूस द्वारा कभी कब्जा न किये जाने से वह इसे बदल पाते। जोनाथन ग्लेजर की 'द जोन ऑफ इंटरेस्ट' ने 'सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म' का पुरस्कार जीता। यह नाजी जर्मनी की पृष्ठभूमि में मनुष्य की उदासीनता का भयावह सिनेमाई लघुरूप है। ग्लेजर ने इस मौके का इस्तेमाल गाजा में बमबारी की ओर ध्यान आकृष्ट करने के लिए किया। उनकी भावनाएं उन फिलिस्तीन-समर्थक प्रदर्शनकारियों से मेल खाती थीं जिन्होंने ऑस्कर समारोह से पहले यातायात रोक दिया, और उन सेलिब्रिटीज से भी जिन्होंने लाल पिन पहनीं और संघर्ष विराम की मांग करने वाले पत्र पर दस्तखत किये। साफ तौर पर, ऑस्कर पुरस्कार का ताल्लुक अब अपने काम से काम रखनेवाले, दूसरों से बेपरवाह ऐसे सेलिब्रिटीज के समूह से नहीं है जो तमाशे का हिस्सा बनने आते हैं।

# भाजपा की एक और तुरुप है सी ए ए...

भाजपा का सब्र लाजबाब है। इतना सब्र भाजपा कहाँ से लाती है आखिर ? भाजपा ने आम चुनाव में उतरने से पहले कालेधन की कालिख से अपने आपको बचने के लिए सुप्रीम कोर्ट का इलेक्टोरल बांड का फैसला धूमिल करने के लिए आखिर सीएए को लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी। भाजपा का ये फैसला है तो विवादास्पद लेकिन है आत्मघाती फैसल। ये फैसला भाजपा की नाव पार भी लगा सकता है और नाव डूबा भी सकता है।

भाजपा ने नागरिकता संशोधन का बीज चार साल पहले 9 दिसंबर 2019 को बोया था। इस बीज को अंकुरित करने के लिए भाजपा ने चार साल तीन महीने तक चुपचाप खाद-पानी दिया और जैसे ही इलेक्टोरल बांड की आंधी ने भाजपा के लिए मुसीबत खड़ी करने की स्थितियां बनाईं वैसे ही भाजपा ने नागरिकता संशोधन विधेयक को लागू करने का ऐलान कर दिया। इस क़ानून के खिलाफ देश में शुरू में जो गुबार उठा था उसे भाजपा ने लंबा खींचकर पहले ही ठंडा कर दिया था ,लेकिन अब हालात बदल गए है । देश का विपक्ष भाजपा के इस दांव के सामने अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

नागरिकता क़ानून में संशोधन बोतल में बंद जिन्न की तरह है। भाजपा इस जिन्न के जरिये एक नहीं अनेक अल्पसंख्यक समुदायों को खुश करने का इंतजाम करना छाती ह। भाजपा को पता है की पिछले एक दशक में अल्पसंख्यक समुदाय के अनेक तबके भाजपा से नाराज है। f नमने मुसलमान,ईसाई और सिख सभी शामिल है। अब इन समुदाय के विदेशियों के लिए नागरिकता का रास्ता आसान कर भाजपा चुनाव में इन सभी अल्पसंख्यक समूहों की सहानुभूति बटोरना चाहती है। ये दूर की कौड़ी नहीं बल्कि एक सोचा-समझा हुआ गणित है। नागरिकता संशोधन विधेयक से अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई अवैध प्रवासियों को नागरिकता के लिए पात्र बनाने के लिए नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन किया गया है। आपको याद होगा की नागरिकता संशोधन विधेयक 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में प्रस्तावित किया गया था। 9 दिसंबर 2019 को ही विधेयक सदन से पारित हो गया। 11 दिसंबर 2019 को यह विधेयक राज्यसभा से पारित हुआ था।



भारत का नागरिकता अधिनयम 69 साल पुराना है । इसकी आधारशिला अंग्रेजों के जमाने की है। भाजपा इस क़ानून के जरिये जम्मू-कश्मीर से धारा 370 की तरह नागरिकता अधिनियम में तब्दीली करने के लिए कमर कसकर बैठी हुई थी। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

मुमकिन है कि भाजपा इस काम को पहले अंजाम देती लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। कोरोना के कारण नागरिकता संशोधन कानून को लागू करने में देरी हुई। लेकिन अब इसे हम लागू कर दिया गया है। भाजपा ने 2019 लोकसभा चुनाव घोषणापत्र में कहा था कि वह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित धार्मिक अल्पसंख्यकों के संरक्षण के लिए सिटीजनशिप अमेंडमेंट बिल को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।भाजपा ने एक पंथ दो काज कर लिए है। एक तो इस क़ानून के जरिये भाजपा अपने अल्पसंख्यक प्रेम को स्थापित करने के साथ होई इलेक्टोरल बांड की पोल खुलने से होने वाली फजीहत से भी बचना चाहती है। विपक्ष अब इलेक्टोरल बांड के मुद्दे को उछाले या नागरिकता संशोधन विधेयक के इस नए मुद्दे को उछाले।

इस नए तूफ़ान के बाद अब देश की राजनीति में नया रंग आने वाला है। विपक्ष पहले से ही सत्तारूढ़ दल की चालबाजियों का मुकाबला नहीं कर पा रहा है ,और अब ये नागरिकता संशोधन क़ानून लागू कर भाजपा ने समूचे विपक्ष को निहत्था कर दिया है। इस क़ानून के लागू करने में भाजपा को फिलहाल कोई दिक्कत होने वाली नहीं है क्योंकि अभी सब चुनावी जंग में कूद रहे हैं। इस क़ानून पर अमल तो चुनावों के बाद से होगा,हाँ चुनावों में भाजपा इस क़ानून के जरिये रूठे हुए अल्पसंख्यकों के बीच अपनी खोई हुई साख बचने का प्रयास जरूर करेगी। इस संशोधन कानून का फ़ायद भाजपा को सीमावर्ती क्षेत्रों में मिल सकता है।

भाजपा को इस बात के लिए बधाई या शाबासी दी जा सकती है की वो अपने खिलाफ उठने वाली हर आंधी के मुकाबले एक नया इंतजाम करके रखती है। आज देश की जनता महंगाई ,बेरोजगारी और दुसरे तमाम मुद्दों को भूलने की बीमारी का शिकार बन चुकी ह। अवाम को धर्म की सुरा पहले से ही पिलाई जा चुकी है। इस नशे को उतरने नहीं दिया जा रहा है। अब देखना है की इस क़ानून को लागू कर सत्तारूढ़ दल देश के अम्नो-अमान को महफूज रख पाती है या बिगाड़ती है ?ये घोषणा माहे रमजान के समय की गयी है और इसके भी अलग निहितार्थ हैं। आगे-आगे देखिये होता है क्या ?आपको याद होगा की देश के अनेक राहों ने इस क़ानून का विरोध किया है और किसी भी सूरत में इस क़ानून को लागू न किये जाने की बात कही है। असम,केरल और बंगाल इस मुद्दे पर पहले से खिलाफ हैं।

**-राकेश अचल**

# भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए सांसद राहुल कस्वां



राजस्थान में चूरू से भाजपा सांसद राहुल कस्वां सोमवार को नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल हो गए। सोमवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अपने निवास पर कांग्रेस का तिरंगा दुपट्टा पहनाकर राहुल कस्वां को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर राजस्थान कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, राजस्थान कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा भी मौजूद थे।

इस अवसर पर सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि भाजपा में रहते हुए उन्होने यह महसूस किया कि सामंतवादी सोच आगे बढती जा रही थी। किसान की आवाज को अनसुना किया जा रहा था। इसलिए मैंने फैसला किया और कांग्रेस जॉइन की है। कांग्रेस में रहकर अपने क्षेत्र के लोगों की मजबूती के लिए काम करता रहूंगा। कांग्रेस चूरू से राहुल कस्वां को लोकसभा का टिकट देने की तैयारी में है। कांग्रेस हाईकमान के स्तर पर इसे लेकर चर्चा हो चुकी है। राहुल कस्वां ने भाजपा से व सांसद पद से इस्तीफा दे दिया है।

राहुल कस्वां ने अपना भाजपा टिकट कटने के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट करके सवाल उठाते हुए पूछा था कि उनका दोष क्या है? इसके बाद शुक्रवार को सादुलपुर में समर्थकों को जुटाकर टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए इशारों में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर जमकर निशाना साधा था। कस्वां ने अपने समर्थकों के सामने टिकट कटने पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पहले लगता था कि पार्टी लोगों का समूह होती है। कोई बात होगी तो सुनी जाएगी। पहले पिता की टिकट कटवाई इसके बाद एक व्यक्ति के कहने पर मेरी टिकट काटी गई। वो व्यक्ति नहीं चूरू की जनता फैसला करेगी। शुक्रवार को राहुल कस्वां ने अपने समर्थकों को जुटाकर पार्टी छोड़ने के संकेत दे दिए थे।

विधानसभा चुनावों में नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ तारानगर से चुनाव हार गए थे। राठौड़ ने राहुल कस्वां और उनके पिता रामसिंह कस्वां पर भीतरघात करके चुनाव हरवाने के आरोप लगाए थे। राठौड़ ने इसे लेकर खुलकर कहा था कि जयचंदों ने हरवाने में भूमिका निभाई है। राठौड़ ने बीजेपी हाईकमान से इसकी शिकायत की थी। राहुल कस्वां का चूरू से लोकसभा टिकट कटने के पीछे यही बड़ा कारण रहा। राहुल कस्वां के पिता पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां और राजेंद्र राठौड़ के बीच भी सियासी मतभेद रहे हैं। कुछ समय दोनों के बीच सुलह हो गई थी,लेकिन बाद में फिर तल्खी बढ़ गई।

रविवार को ही पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया, राजेंद्र यादव, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा सहित कांग्रेस के दर्जन भर से ज्यादा नेता कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस अब लोकसभा चुनाव से पहले राहुल कस्वां को पार्टी में शामिल करके भाजपा को सियासी जवाब देने की तैयारी में है। राहुल कस्वां को भाजपा से टिकट कटने के बाद अपनी सियासी जमीन बचाए रखने के लिए चुनाव लड़ना जरूरी है। उधर कांग्रेस को भी बीजेपी से एक बड़े चेहरे को तोड़कर सियासी मैसेज देने का मौका मिलेगा। चूरू से कांग्रेस पिछले पांच चुनावों से लगातार हार रही है। राहुल कस्वां को टिकट देकर कांग्रेस बीजेपी के सामने कड़ी चुनौती देने की रणनीति बना रही है।

राहुल कस्वां उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के छोटे भाई कुलदीप धनकड़ के दामाद है। उनके परिवार का चूरू जिले जिले की राजनीति में गहरा प्रभाव है। लगातार दो बार सांसद का चुनाव जीत चुके राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां 1998 में चूरू जिले की सादुलपुर विधानसभा सीट से विधायक तथा 1991, 1999, 2004 व 2009 में चूरू से सांसद रह चुके हैं। राहुल कस्वा के दादा दीपचंद कस्वां 1980 में सादुलपुर से निर्दलीय विधायक रह चुके हैं। राहुल कस्बा की माता कमला कस्वां 2008 में सादुलपुर से विधायक, पंचायत समिति प्रधान व राजस्थान समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रह चुकी है।

चूरू जिले में राहुल कस्वां के पिता रामसिंह कस्वां ने ही पहली बार भाजपा का लोकसभा चुनाव में खाता खोला था। इस तरह देखे तो राहुल कस्बा के परिवार की तीन पीढ़िया चूरू जिले की राजनीति में सक्रिय है। राहुल कस्वां के कांग्रेस में जाने से कांग्रेस के लिए अभेदय दुर्ग बनी चूरू लोकसभा सीट को इस बार जीतने की संभावना नजर आने लगी है। वैसे भी पिछले विधानसभा चुनाव में चूरू लोकसभा क्षेत्र की आठ में से 6 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी चुनाव हार गए थे। भाजपा को महज दो सीटों पर ही जीत मिली थी। जबकि 5 सीटों पर कांग्रेस, एक पर बसपा प्रत्याशी जीता था।

इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सामंतवादी लोगों से लड़ने के लिए राहुल कस्वां ने कांग्रेस जॉइन की है। ऐसी विचारधारा के लोग ज्यादा से ज्यादा कांग्रेस से जुड़ेंगे तो बीजेपी कहीं की नहीं रहेगी। ऐसी सोच रखने वाले राहुल कस्वां जैसे नेताओं की कांग्रेस को जरूरत है। मोदी और शाह तो पहले भी डराते धमकाते रहे हैं। अब भी नेताओं को डराने धमकाने का काम कर रहे हैं। राहुल कस्वां जिन उसूलों को लेकर कांग्रेस में आए हैं उन पर काम करेंगे। राहुल कस्वां को कांग्रेस में शामिल करने से पहले सभी नेताओं की राय लेकर सर्वसम्मति बनाई गई। मैंने सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सचिन पायलट, सुखजिंदर रंधावा, अशोक गहलोत, गोविंद सिंह डोटासरा, टीकाराम जूली सहित सभी नेताओं से राहुल कस्वां को लेने के बारे में पूछा है और सर्वसम्मति बनाकर इन्हें पार्टी में लिया है।

**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**
**-रमेश सर्राफ धमोरा**

# हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है धूम्रपान

धूम्रपान के आदी मित्रों और परिजनों को धूम्रपान छोड़ने के लिए मदद पाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष मार्च महीने के दूसरे बुधवार को 'नो स्मोकिंग डे' मनाया जाता है, जो इस वर्ष 13 मार्च को मनाया जा रहा है। यह दिवस पहली बार 1984 में आयरलैंड गणराज्य में मनाया गया था। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जो इस साल 'तंबाकू उद्योग के हस्तक्षेप से बच्चों की सुरक्षा' विषय के साथ मनाया जा रहा है। दरअसल यह गहन चिंतन का विषय है कि पिछले कई दशकों में दुनियाभर में हुए अनेक अध्ययनों में यह प्रमाणित हो चुका है कि धूम्रपान हर दृष्टि से सेहत के लिए हानिकारक है लेकिन जब तमाम जानकारियों और तथ्यों के बावजूद हम अपने आसपास बच्चों को भी धूम्रपान करते देखते हैं तो स्थिति बेहद चिंताजनक प्रतीत होती है। ऐसे बच्चों के मनोमस्तिष्क में धूम्रपान को लेकर कुछ गलत धारणाएं विद्यमान होती हैं, जैसे धूम्रपान से उनके शरीर में चुस्ती-फुर्ती आती है, उनका मानसिक तनाव कम होता है, मन शांत रहता है, व्यक्तित्व आकर्षक बनता है, कब्ज की शिकायत दूर होती है आदि-आदि। चूंकि बच्चों का मन कोमल होता है, इसीलिए तमाम वैज्ञानिक शोधों के बावजूद वे यह समझने की स्थिति में नहीं होते कि धूम्रपान करने से उनके अंदर ऐसी कोई ताकत पैदा नहीं होने वाली कि देखते ही देखते वो किसी ऊंचे पर्वत पर छलांग लगा सकें या महाबली पवनपुत्र हनुमान की भांति विशाल समुद्र लांघ जाएं। वास्तविकता यही है कि धूम्रपान एक ऐसा धीमा जहर है, जो धीमे-धीमे इसका सेवन करने वाले व्यक्ति का दम घोंटता है और बच्चों पर तो इसका प्रभाव बहुत घातक होता है। धूम्रपान शरीर में कई प्रकार की प्राणघातक बीमारियों को जन्म देता है और ऐसे व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया तक पहुंचा देने का माध्यम बनता है।

दुनियाभर में धूम्रपान के कारण हर साल 70 लाख से भी ज्यादा मौतें हो रही हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में होने वाली मौतों में से हर 5 में से 1 पुरूष की मौत धूम्रपान के कारण हो रही है। विभिन्न सर्वेक्षणों के अनुसार माना गया है कि विकसित देशों में चालीस फीसदी से ज्यादा पुरूष और इक्कीस फीसदी से ज्यादा स्त्रियां धूम्रपान करती हैं जबकि विकासशील देशों में सिर्फ आठ फीसदी स्त्रियों को इसकी लत लगी है तथा पुरूषों की संख्या पचास फीसदी से अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार तम्बाकू के सेवन के कारण प्रतिदिन करीब आठ हजार व्यक्ति फेफड़ों के कैंसर के शिकार होकर मर जाते हैं। संगठन का अनुमान है कि यदि दुनियाभर में धूम्रपान की लत ऐसे ही बढ़ती रही तो बहुत जल्द धूम्रपान के कारण पचास करोड़ लोग मारे जा चुके होंगे और अगले तीस वर्षों में केवल गरीब देशों में ही धूम्रपान से मरने वालों की संख्या दस लाख से बढ़कर सत्तर लाख तक पहुंच जाएगी। संगठन का अनुमान है कि प्रतिवर्ष विश्वभर में आठ हजार से ज्यादा नवजात शिशु धूम्रपान की वजह से असमय काल के ग्रास बन जाते हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि सभी प्रकार के कैंसर में से करीब 40 फीसदी का कारण धूम्रपान ही होता है। तीन दशक पूर्व प्रकाशित अपनी पुरस्कृत पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि धूम्रपान वास्तव में एक ऐसा धीमा जहर है, जो हमारे शरीर में धीरे-धीरे प्राणघातक रोगों को जन्म देता है और व्यक्ति को धीमी गति से मृत्यु शैया पर पहुंचा देता है। धूम्रपान कितना खतरनाक है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सिगरेटों के खतरनाक धुएं से करीब 50 टन तांबा, 15 टन शीशा, 11 टन कैडमियम तथा कई अन्य खतरनाक रसायन वातावरण में घुलते हैं। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि कैंसर, हृदय रोग, सांस की बीमारी, डायबिटीज इत्यादि बीमारियों में भी धूम्रपान काफी खतरनाक हो सकता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को धूम्रपान से बचना चाहिए।




अपनी पुस्तक 'मौत को खुला निमंत्रण' में मैंने विस्तार से यह बताया है कि सिगरेट के धुएं में पोलिनियम 210, कार्बन मोनोक्साइड, कार्बन डाइआक्साइड, निकल, पाईरीडिन, बेंजीपाइरीन, नाइट्रोजन आइसोप्रेनावाइड, अम्ल, क्षार, निकोटीन, टार, जिंक, हाइड्रोजन साइनाइड, कैडमियम, ग्लायकोलिक एसिड, सक्सीनिक एसिड, एसीटिक एसिड, फार्मिक एसिड, मिथाइल क्लोराइड इत्यादि चार हजार से भी ज्यादा घातक रासायनिक तत्व विद्यमान होते हैं, जो मानव शरीर को विभिन्न प्रकार से नुकसान पहुंचाते हैं। गर्भवती महिलाओं द्वारा धूम्रपान किए जाने से कम लम्बाई और कम वजन के बच्चों का जन्म, बच्चों में अपंगता तथा बाल्यावस्था में ही घातक हृदय रोग जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। प्रतिदिन बीस सिगरेट तक पीने वाली गर्भवती महिला के बच्चे की मृत्यु होने की संभावना सामान्य के मुकाबले बीस फीसदी बढ़ जाती है जबकि बीस से अधिक सिगरेट पीने पर यह खतरा पैंतीस फीसदी तक हो जाता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक किसी दूसरे के धूम्रपान के धुएं के प्रभाव से दिल के दौरे से होने वाली मौतों की आशंका तीस फीसदी बढ़ जाती है।

बहरहाल, धूम्रपान छोड़ने के फायदों के बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि धूम्रपान छोड़ने के सिर्फ बीस मिनट के अंदर उच्च रक्तचाप में गिरावट आती है तथा बारह घंटे के बाद रक्त में कार्बन मोनोक्साइड के विषैले कणों का स्तर सामान्य हो जाता है। दो से बारह सप्ताह में फेफड़ों की कार्यक्षमता में तेजी से वृद्धि होती है तथा एक से नौ माह में खांसी तथा श्वसन संबंधी समस्याएं कम हो जाती हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक मनुष्य के फेफड़ों में जादुई क्षमता होती है, जो धूम्रपान से होने वाले कुछ नुकसान को स्वयं ठीक कर देती है और जो व्यक्ति धूम्रपान छोड़ देते हैं, उनकी चालीस फीसदी कोशिकाएं ऐसे लोगों की तरह ही हो जाती हैं, जिन्होंने कभी धूम्रपान नहीं किया।

**-योगेश कुमार गोयल**

# सीएए: क्या मोदी ने उन्नीस में ही चौबीस की इबारत लिख दी थी...

क्या नरेन्द्र भाई मोदी ने अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता का परिचय देते हुए अपनी सरकार के दूसरे कार्यकाल के श्रीगणेश पर ही तीसरे कार्यकाल की इबारत लिख दी थी? यह सवाल आज इसलिए पूछा जा रहा है क्योंकि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्री देश भारत में सांसद द्वारा पारित नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) अब इक्यावन महीनों बाद लागू किया गया, जिसके माध्यम से मोदी ने अपनी अगली महाविजय की इबारत लिख दी, अब पूरे देश में एक साथ इस कानून के लागू कर दिए जाने से पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश के उत्पीडन पीडित गैर मुस्लिम लाखों नागरिक जो पिछले दस वर्षों से शरणार्थी के रूप में भारत में रह रहे थे, उन्हें अब कानूनी रूप से भारतीय नागरिकता प्राप्त हो सकेगी। यद्यपि संसद द्वारा साढ़े चार साल पहले पारित इस कानून के इतनी देरी से एन-चुनाव के पूर्व लागू करने पर मोदी आलोचना के पात्र बन रहे है, किंतु 'देर आए-दुरूस्त आए' की तर्ज पर अब सही भी माना जा रहा है। जब यह कानून संसद ने पारित किया था तब यह दुष्प्रचार किया गया था कि उस कानून के लागू होने पर देश के मुसलमानों की नागरिकता छीन ली जाएगी, इस दुष्प्रचार में मात्र सिविल सोसायटी के लोग ही नहीं; बल्कि कई राजनीतिक दल भी शामिल थे, वे जानबूझकर मुस्लिम समुदाय को अपनी राजनीतिक स्वार्थ सिद्धी के खातिर भड़काना चाहते थे, जबकि इस कानून की, किसी की भी नागरिकता छीनने से कोई लेना-देना नही है। उल्टे नागरिकता हासिल करवाने का प्रावधान है। पिछले चार सालों से भी अधिक से जो लाखों शरणार्थी भारत में विस्थापित की जिन्दगी जी रहे थे, अब वे कानूनी रूप से भारत के नागरिक बन सकेगें। यह भी एक तथ्य है कि अफगानिस्तान हिन्दुओं से करीब-करीब खाली हो चुका है और पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दू, सिख, जैन, पारसी आदि काफी उत्पीड़न के शिकार है। उनके सामने अपनी जान बचाने के लिए मजबूरी में मुस्लिम धर्म स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है, अब ये उत्पीड़न झेल रहे लोग भारत आकर यहां के कानूनी नागरिक बन सकेगें।

अब यदि इस कानून के इतिहास की बात करें तो संसद से यह कानून ग्यारह दिसम्बर 2019 को पारित हुआ था, अगले ही दिन इस पर राष्ट्रपति जी की मोहर भी लग गई थी, लेकिन उस समय इस कानून के विरोध में दिल्ली में दंगा भड़क गया था, इसलिए उस समय सरकार ने इसे लागू नही किया, फिर कोविड महामारी ने भी इसे लागू करने में अवरोध पैदा किया, हमारा कानून कहता है कि संसद द्वारा पारित कोई भी कानून राष्ट्रपति जी की मंजूरी के बाद छः माह के अंदर उसके नियम अधिसूचित हो जाना चाहिए, यदि ऐसा नहीं होता है तो संसद के दोनों सदनों की समय विस्तार संबंधी अनुमति लेनी होती है, इस कानून के नियमों को अधिसूचित करने में वर्ष 2020 से आठ बार गृह मंत्रालय ने संसदीय समितियों से नियमित अंतराल पर समय विस्तार लिया, तब अब कहीं जाकर इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी। यद्यपि केरल और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकारें अभी भी इसका विरोध कर अपने राज्यों में इसे लागू नहीं करने की घोषणाऐं कर रही है, लेकिन कानून बन जाने के बाद इसे लागू करने की उनकी भी मबजूरी होगी, वैसे भी पाक, बंगलादेश व अफगानिस्तान के शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान इस कानून के तहत राज्यों को नहीं बल्कि केन्द्र सरकार के ही पास है "लॉनलाईन" बना दिया है और पोर्टल भी तैयार कर लिया है। पात्र विस्थापितों को पोर्टल पर "ऑनलाईन" नागरिकता के लिए आवेदन करना होगा। इस प्रकार इस कानून का सफर नौ दिसम्बर 2019 से शुरू हो गया और अब यह कानून बनकर हमारे सामने है।

## एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट में थोक में इस्तीफे

नई दिल्ली। स्पाइसजेट ने कहा कि एयरलाइन में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत उसके वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण कश्यप और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन प्रवक्ता ने बयान में कहा, स्पाइसजेट के रणनीतिक पुनर्गठन के तहत मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में पूंजी जुटाने के साथ ही कंपनी पिछले सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया तेज कर रही है और राजस्व तथा यात्रियों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हो रही है।

## वनवेब को स्पेक्ट्रम जल्द मिलने की उम्मीद

नई दिल्ली। भारती समूह द्वारा समर्थित वनवेब ने स्पेक्ट्रम के लिए आवेदन कर दिया है और उसने उम्मीद जताई है कि रेडियो तरंगों का शीघ्र आवंटन हो जाएगा। ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एचसीआईपीएल) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कंपनी को इस साल जून तक वाणिज्यिक उपग्रह संचार सेवाएं शुरू होने की उम्मीद है। एचसीआईपीएल और वनवेब ने पूरे भारत में लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) संपर्क सेवाएं मुहैया कराने के लिए एक छह वर्षीय वितरण भागीदार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि वनवेब को भारत में शुरुआती बढ़त हासिल होगी, क्योंकि भारत में उसकी प्रतिस्पर्धी कंपनियां अभी विकास के विभिन्न चरण में हैं। वनवेब ने स्पेक्ट्रम आवंटन के लिए दूरसंचार विभाग (डॉट) की वायरलेस योजना एवं समन्वय शाखा (डब्ल्यूपीसी) के पास आवेदन किया है। स्पेक्ट्रम आवंटित होने के बाद वनवेब वाणिज्यिक सेवाएं शुरू कर सकती है।उन्होंने उम्मीद जताई कि वनवेब 2024 की पहली छमाही में वाणिज्यिक सेवा शुरू करने में सक्षम हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वनवेब कम आबादी वाले गांवों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थिति में है। एलन मस्क के स्वामित्व वाली स्टारलिंक जैसी डायरेक्ट-टू-मोबाइल सेवा उपलब्ध कराने की वनवेब की कोई योजना नहीं है, क्योंकि यह तकनीक अभी विकसित हो रही है और परिपक्व नहीं है।

## आरके स्वामी के शेयर 13 फीसदी कमजोर होकर सूचीबद्ध

नई दिल्ली । एकीकृत विपणन सेवा कंपनी आरके स्वामी लिमिटेड के शेयर मंगलवार को 288 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले 13 प्रतिशत कमजोर होकर सूचीबद्ध हुए। कंपनी के शेयर एनएसई पर 13.19 प्रतिशत टूटकर 250 रुपये के भाव पर सूचीबद्ध हुए। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य के मुकाबले 12.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 252 रुपये पर सूचीबद्ध हुए। शुरुआती कारोबार में शेयर कीमत के आधार पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,420.93 करोड़ रुपये रहा। आरके स्वामी के 423.56 करोड़ रुपये के आईपीओ को 25.78 गुना अभिदान मिला था। आरके स्वामी लिमिटेड रचनात्मक क्षेत्र, मीडिया, डेटा एनालिटिक्स और बाजार अनुसंधान के लिए सेवाएं देती है।

## फरवरी में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ी- सियाम

नई दिल्ली। भारत में यात्री वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़ गई है। उद्योग निकाय सियाम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि स्पोर्ट यूटीलिटी वाहनों (एसयूवी) की बाजार पर पकड़ बरकरार है। ऑटो कंपनियों ने पिछले महीने डीलरों को कुल 3,70,786 यात्री वाहन भेजे, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,34,790 इकाई था। सियाम के एक अधिकारी ने कहा कि यात्री वाहनों ने इस साल फरवरी में अपनी अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। यह आंकड़ा फरवरी 2023 की तुलना में 10.8 प्रतिशत बढ़कर 3.7 लाख इकाई रहा। समीक्षाधीन माह में कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 35 प्रतिशत बढ़कर 15,20,761 इकाई हो गई, जो पिछले साल इसी महीने में 11,29,661 इकाई थी। इसी तरह तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री फरवरी में 54,584 इकाई रही, जो पिछले साल समान माह में 50,382 इकाई थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले फरवरी 2024 में यात्री वाहनों, दोपहिया और तिपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ी, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में थोड़ी गिरावट हुई।

## स्पाइसजेट के वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन में रणनीतिक पुनर्गठन के तहत उसके वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों के मुताबिक एयरलाइन के मुख्य परिचालन अधिकारी अरुण कश्यप और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने अपना इस्तीफा दे दिया है। एयरलाइन के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि स्पाइसजेट के रणनीतिक पुनर्गठन के तहत मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सहित वाणिज्यिक दल के कई सदस्यों ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। प्रवक्ता ने कहा कि हाल में पूंजी जुटाने के साथ ही कंपनी पिछले सभी विवादों के समाधान की प्रक्रिया तेज कर रही है और राजस्व तथा यात्रियों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि हो रही है।

## फ्लाई91 की वाणिज्यिक उड़ान सेवा 18 मार्च से शुरू होगी

पणजी। क्षेत्रीय एयरलाइन फ्लाई91 अपनी वाणिज्यिक सेवाएं 18 मार्च से शुरू करेगी। इसमें गोवा को बेंगलुरु और हैदराबाद से जोड़ने वाली उड़ानें शामिल हैं। इसके अलावा एयरलाइन बेंगलुरु और हैदराबाद से सिंधुदुर्ग के लिए उड़ानें भी संचालित करेगी। फ्लाई91 के एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि एयरलाइन अप्रैल से लक्षद्वीप के लिए उड़ानें शुरू करने की योजना भी बना रही है। एयरलाइन को छह मार्च को विमानन नियामक डीजीसीए ने लाइसेंस दिया था। अधिकारी ने मोपा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि फ्लाई91 के पास छह महीनों में कुल छह एटीआर 72-600 विमान होंगे। फिलहाल इसके बेड़े में दो विमान हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में फ्लाई91 की योजना लगभग 35 विमानों को बेड़े में शामिल करने और 50 शहरों को जोड़ने की है। जस्ट उड़ो एविएशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित एयरलाइन टियर-2 और टियर-3 शहरों में हवाई संपर्क बढ़ाना चाहती है।

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए उत्तम रूप से फलदायक रहने वाला है। आप अपने किसी परिजन के घर मिलने जा सकते हैं। बिजनेस में यदि आपने बड़े निवेश को करने का सोचा है, तो उससे आपको कोई नुकसान हो सकता है। हालांकि यदि आपने शेयर मार्केट में धन का निवेश किया, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। भाई व बहनों से आप अपने मन की बात कह सकते हैं। आपको घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हो

वृषभ राशि- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आप अपनी सोच में सकारात्मकता बनाए रखें, नहीं तो कार्यक्षेत्र में आपके साथी आपके विरुद्ध हो सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। विदेशों से व्यापार कर रहे लोग किसी डील को बहुत ही सोच विचार कर फाइनल करें। आपको अपनी माताजी से अपने मन की बात को कहने का मौका मिलेगा, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगे।

मिथुन राशि- मिथुन राशि के जातकों के लिए आज दिन मिलाजुला रहेगा। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा और जीवनसाथी की सलाह आपके बिजनेस के लिए कारगर सिद्ध होगी। आपको अपने मित्र के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको अपने किसी काम को पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करनी होगी, तभी वह पूरा होता दिख रहा है। आपको एक से अधिक स्रोतों से आय प्राप्त होगी, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। परिवार में यदि कोई सदस्य विवाह योग्य है, तो उनके लिए कोई बेहतर रिश्ता आ सकता है।

सिंह राशि- आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। आपके खर्च बढ़ने से आप परेशान रहेंगे। आप अपनी माता जी की सेहत को लेकर चिंतित रहेंगे। आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपका कोई काम यदि लंबे समय से अटक रहा था, तो वह पूरा हो सकता है।

कन्या राशि- कन्या राशि के जातकों के लिए आज दिन सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ बढ़ सकता है, जिन्हें आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आप किसी को बिना मांगे सलाह ना दे, नहीं तो बाद में आपको समस्या होगी। आप अपने धन का कुछ हिस्सा भविष्य के लिए संभाल कर रखें, नहीं तो बाद में आपको धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

तुला राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको कहीं घूमने फिरने जाने का मौका मिलेगा। पिताजी की मदद से आप बिजनेस में कुछ नई योजनाओं की शुरुआत कर सकते हैं। आपको अपने कुछ कामों में चल रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश करनी होगी। यदि आपने अपने कार्यों को लेकर आलस्य दिखाया तो आपके काफी काम लंबे समय तक लटक सकते हैं।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको संतान के संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। बिजनेस में किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। आप किसी काम में आ रही समस्याओं को दूर करने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेगे, जो आपको खुशी देंगे।

धनु राशि- आज का दिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है, क्योंकि दोनों को एक लॉन्ग ड्राइव पर जाने का मौका मिलेगा, जिससे दोनों के बीच चल रही अनबन भी दूर होगी। आपको परिवार के सदस्यों से कोई भी बात गुप्त नहीं रखनी है। यदि आप किसी काम को पूरा करने के लिए लंबे समय से प्रयास कर रहे थे, तो वह पूरे हो सकते हैं।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए कुछ उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको उलझन के कारण समझ नहीं आएगा कि किस काम को पहले करें और किसे बाद में। माताजी से आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आपका कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है, जो आपको परेशान करेगा। आपको अपने कामों में आ रही समस्याओं को दूर करना होगा। आपको अपने किसी मित्र के लिए कुछ रुपयों का इंतजाम करना पड़ सकता है।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए बहुत ही सूझबूझ से आगे बढ़ने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कुछ गुप्त शत्रुओं से सावधान रहने की आवश्यकता है। आपके परिवार के किसी सदस्य से खरी खोटी सुनने को मिल सकती है, जिसके कारण आपका मन परेशान रहेगा। विद्यार्थी अपनी परीक्षा पर पूरा फोकस बनाकर रखें, तभी उन्हें जीत हासिल होती दिख रही है। आपका कोई ससुराल पक्ष का व्यक्ति आपसे मुलाकात करने आ सकता है, जिसमें आप कुछ पुराने गिले शिकवे ना उखाड़ें।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। पारिवारिक संपत्ति संबंधित बंटवारे में आपको अपने पिताजी से सलाह करके चलना बेहतर रहेगा। किसी कानूनी मामले में आपको अपनी आंख व कान खुले रखने होंगे, तभी आप उसे आसानी से निपटा पाएंगे। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे, जिससे आपकी आय भी बढ़ेगी। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता थोड़ी कम होगी।

## शब्दजाल - 7477

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| व | श | मु | कि | स्म | त | हो | प | न | र | द |
| क्त | क्रि | ल | ना | द | म | जा | ऐ | त | रा | ज |
| य | के | ब | हे | नि | ही | ना | न | व | टि | रू |
| इं | ट | र | न | शा | वा | रो | क | ले | ज | व |
| प | दा | सा | अं | ने | तो | हो | थ | गो | भ | त |
| ब | स | त | प | दा | स | ए | व | सं | वॉ | व |
| द | ल्फ | न | न | जी | ज | ह | अ | गो | प्ला | द |
| क | र | मा | प | क्श | प | क | र | चो | न | ख |
| र | व | त | स्ट | रा | भी | त | श्मी | अ | शा | अ |
| क | र | ल | प | र | ज | ता | रे | र | ह | द |
| क | ह | रि | म | आ | प | की | खा | ति | र | जा |

शब्दजाल में प्रियंका चोपड़ा की 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे हो सकते हैं

बल्फमास्टर, वक्त, किस्मत, ऐतराज, द हीरो, आप की खातिर, अंदाज, असंभव, प्लान, बरसात.

### शब्दजाल - 7476 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जि | दि | ल | ज | ले | म | ज | ब | न | र | क |
| दा | स | यू | न | आ | वा | ग्री | द | इ | ह | ल |
| स | व | दे | पू | ह | जी | ल | न | ग | क | हो |
| र | ची | न | श | ट | ज | ज्ञा | म | पा | त | न |
| फ | त | ई | ड | में | व | खें | न | भा | र्क | हो |
| रो | मे | म | सु | न | गं | पू | न | ई | र | रू |
| श | ज | ज | मे | ता | क | गा | श | न | ज | री |
| क | ल | ग | र | सं | ज | ख्म | र | ली | न | है |
| ब्रे | बो | र्न | य | सा | चि | क | री | ह | प | ला |
| त | रा | जु | न | ज | ह | त्र | व | जी | ता | त |
| बे | बी | लो | नि | या | ल | ब | र | रा | त | हैं |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 6421

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| | | 7 | 8 | | | 9 | | | |
| | 10 | | | | | | | | |
| 11 | | | | | 12 | | 13 | | 14 |
| | | | 15 | 16 | | | 17 | | |
| 18 | | 19 | | | | 20 | | | |
| 21 | | | | | 22 | | | 23 | |
| | | | | 24 | | 25 | 26 | | 27 |
| | 28 | | 29 | | | | | | |
| 30 | | | | | | 31 | | | |

**बायें से दायें:-**

१. 'अंग्रेजी में कहते हैं' गीत वाली अमिताभ, परवीन की फिल्म-३
३. कुमार गौरव, पूनम की 'माँग लूंगा तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'शीशा हो या दिल हो' गीत और नायिका रीना राय वाली फिल्म-२
७. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
९. सुनीलदत्त, किशोरकुमार के 'सामने वाली खिड़की में' रहती है-४
१०. करिश्मा, मनीषा की 'रंग दी रंग दी' गीत वाली फिल्म-४
११. नवीन निश्चल, रेखा की 'राज की बात कह' कव्वाली वाली फिल्म-२
१५. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार की फिल्म-३
१७. सुनील शेट्टी, नम्रता की 'जीना तेरी बाहों में' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'घायल घायल तूने मुझे' गीत वाली मिथुन, श्रीदेवी की फिल्म-२
२१. सुनीलदत्त, माला की 'चलो एक बार फिर से' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'गाये जा गीत मिलन के' गीत वाली दिलीप, नर्गिस की फिल्म-२
२५. संजयदत्त, माधुरी की 'टपका रे टपका' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'मैं दुनिया भुला दुंगा' गीत वाली राहुल राय, अनु की फिल्म-३
३०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की १९८४ की एक फिल्म-३
३१. 'बाराना दे बाराना' गीत वाली अक्षयकुमार, शिल्पा की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हाय रे हाय रे' गीत वाली नई फिल्म-२
२. जोहराबाई अंबाले के गीत 'अंखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'अनोखी रात' के संगीतकार-३
४. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की १९९७ की एक फिल्म-३
५. 'नींद कभी रहती थी' गीत वाली फिल्म-३
६. अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, शत्रु, राखी, परवीन, बिंदिया की अभिनीत फिल्म-२
८. 'मेरे अँगने में तुम्हारा' गीत वाली फिल्म-४
१०. फिरोजखान, हेमा, रेखा की फिल्म-३
१२. 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली विक्रम, लक्ष्मी की फिल्म-२
१३. किशोर कुमार, मधुबाला की 'कोई हमदम ना रहा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'गोरे गोरे मुखड़े पे काला काला चश्मा' गीत वाली फिल्म-३
१६. फिल्म 'शरीफ बदमाश' में नायिका कौन थी-२
१८. 'तुम रूठ के मत' गीत वाली फिल्म-३
१९. अमिताभ, जया की 'जहाँ चार यार' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'आँखों से तूने ये क्या' गीत वाली फिल्म-३
२३. अमिताभ की 'अरे दीवानों मुझे पहचानो' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'गोरी तेरा नखरा' गीत वाली बॉबी, करिश्मा की फिल्म-३
२६. नायक-निर्माता-निर्देशक अकबर खान, रंजीता, स्मिता की फिल्म-३
२७. अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की सुभाष घई निर्देशित फिल्म-२
२८. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली बहु सितारा फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6420

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शि | ल्पा | | अ | स | रा | नी | | स | |
| का | | क | म | ल | | य | ल | गा | र |
| री | ना | | री | मा | | त | | ई | |
| | रा | जे | श | | प | | स | | ब |
| का | ज | ल | | दा | ग | द | फ | य | र |
| ला | | र | ख | वा | ला | | री | | सा |
| पा | पी | | ल | | क | र्ण | | घा | त |
| नी | | हि | ना | | हीं | | ज | य | |
| | जं | | य | | का | का | | ल | व |
| कि | ग | अं | क | ल | | श | क्ति | | ध |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

13 मार्च 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.18 बजे से |
| चंद्र | मेष में | मेष | 07.49 बजे से |
| मंगल | मकर में | वृष | 09.29 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.27 बजे से |
| गुरु | मेष में | कर्क | 13.40 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 15.56 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.08 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.19 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.34 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.50 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मकर | 02.55 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.41 बजे से |

**बुधवार** 2024 वर्ष का 73 वां दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्थी 01.26 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** अश्विनी 18.25 बजे को समाप्त।
**योग** इन्द्र 00.48 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** वणिज 14.41 बजे तदनन्तर विष्टि 01.26 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 2.6 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 02° 49'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871917
**जूलियन दिन** 2460382.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** रमजान
**तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सबसे बड़ी तपस्या

सत्यनगर का राजा सत्यप्रताप सिंह अत्यंत न्यायप्रिय शासक था। एक बार उसे पता चला कि सौम्यदेव नामक एक ऋषि अनेक सालों से लोहे का एक डंडा जमीन में गाड़कर तपस्या कर रहे हैं और उनके तप के प्रभाव से डंडे में कुछ कुर फूट कर फूल-पत्ते निकल रहे हैं और जब वह अपनी तपस्या में पूर्ण सफलता प्राप्त कर लेंगे तो उनका डंडा फूल-पत्तों से भर जाएगा। सत्यप्रताप ने सोचा कि यदि उनके तप में इतना बल है कि लोहे के डंडे में अंकुर फूट कर फूल-पत्ते निकल सकते हैं तो फिर मैं भी क्यों न तप करके अपना जीवन सार्थक बनाऊं।

यह सोच कर वह भी ऋषि के समीप लोहे का डंडा गाड़कर तपस्या करने लगा। संयोगवश उसी रात जोर का तूफान आया। मूसलाधार बारिश होने लगी। राजा और ऋषि दोनों ही मौसम की परवाह न कर तपस्या में मगन रहे। कुछ देर बाद एक व्यक्ति बुरी तरह भीगा हुआ ठंड से कांपता आया। उसने ऋषि से कहीं ठहरने की जगह के बारे में पूछा पर ऋषि ने आंख खोलकर भी नहीं देखा। निराश होकर वह राजा सत्यप्रताप के पास पहुंचा और गिर पड़ा। राजा ने उसकी इतनी बुरी हालत देखकर उसे गोद में उठाया। उसे नजदीक ही एक कुटिया नजर आई। उसने उस व्यक्ति को कुटिया में लिटाया और उसके समीप आग जलाकर गर्माहट पैदा की। गर्माहट मिलने से व्यक्ति होश में आ गया। इसके बाद राजा ने उसे कुछ जड़ी-बूटी पीसकर पिलाई। कुछ ही देर बाद वह व्यक्ति बिल्कुल ठीक हो गया। सुबह होने पर राजा जब उस व्यक्ति के साथ कुटिया से बाहर आया तो यह देखकर हैरान रह गया कि जो लोहे का डंडा उसने गाड़ा था वह ताजे फूल-पत्तों से भरकर झुक गया था। इसके बाद राजा ने ऋषि के डंडे की ओर देखा। ऋषि के थोड़े बहुत निकले फूल-पत्ते भी मुरझा गए थे। राजा समझ गया कि मानव सेवा से बड़ी तपस्या कोई और नहीं है। वह अपने राज्य वापस आकर प्रजा की समुचित देखभाल करने लगा।

## सूडोकु नवताल- 6730

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6729 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 7945

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | | 3 | | 4 | 5 |
| | | 6 | | | 7 | 8 | | |
| 9 | 10 | | | 11 | | 12 | 13 | |
| | | | 14 | | 15 | | | |
| 16 | | | | | 17 | | | |
| | | | 18 | 19 | | | | |
| 20 | | 21 | | | | | | 23 |
| | | 24 | 25 | | 26 | | | |
| 27 | | | | | | | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

**ऊपर से नीचे**

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

### शब्द पहेली - 7944 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| [illegible] | | | | | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## सेमीकंडक्टर कारोबार में प्रवेश कर सकता है अडानी समूह

### - क्वालकॉम के सीईओ से मिले गौतम अडानी

मुंबई। अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडानी क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टिआनो आर अमॉन से मिले। गौतम अडानी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ट्वीट के जरिए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्वालकॉम के सीईओ से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), उभरती हुई टेक्नोलॉजी और भारत में सेमीकंडक्टर्स को लेकर अमेरिकी कंपनी का विजन से मैं प्रभावित हो गया। गौतम अडानी की क्वालकॉम के सीईओ से मुलाकात को लेकर कहा जा रहा है कि अडानी ग्रुप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में प्रवेश कर सकता है। अडानी ग्रुप के सीईओ ने लिखा कि क्वालकॉम के सीईओ से मुलाकात अच्छी रही। अमेरिका की चिप मेकर कंपनी क्वालकॉम दुनिया के अलग-अलग बाजारों को लेकर स्पष्ट नीति रखती है। भारत ने देश में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए तेजी से प्रयास किए हैं। अमेरिकी कंपनी माइक्रोन टेक्नोलॉजी का सेमीकंडक्टर प्लांट गुजरात के साणंद में बन रहा है। इस प्लांट में असेंबली, टेस्ट, मार्किंग और पैकेजिंग की जाएगी। माइक्रोन टेक्नोलॉजी इस प्लांट पर लगभग 22500 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। यह देश का पहला हाई एंड सेमीकंडक्टर फेब्रिकेशन प्लांट होगा। उम्मीद जताई जा रही है कि यह प्लांट 2024 के अंत तक काम शुरू कर देगा। यह प्लांट न सिर्फ सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग के लिए इकोसिस्टम तैयार करेगा बल्कि इससे जुड़े कच्चे माल के उत्पादन को भी बढ़ावा देगा। इसके अलावा हाल ही में सरकार को इजरायल की टावर सेमीकंडक्टर और टाटा ग्रुप से भी प्लांट बनाने के प्रस्ताव मिले थे। सरकार फिलहाल इन दोनों के अलावा कई कंपनियों के प्रस्ताव पर विचार कर रही है।

## स्पेसएक्स ने 6 घंटे के अंदर 46 स्टारलिंक सैटेलाइट लांच किया

नई दिल्ली। एलन मस्क की एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने छह घंटे के भीतर पृथ्वी की निचली कक्षा में 46 स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों को प्रक्षेपित किया। कंपनी ने अपने कहा कि उपग्रहों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन में स्पेस लॉन्च कॉम्प्लेक्स 40 (एसएलसी -40) से कंपनी के दो चरण वाले फाल्कन 9 रॉकेट से प्रक्षेपित किया गया है। 23 उपग्रहों का पहला सेट भारतीय समय के अनुसार सोमवार सुबह 4:35 बजे रवाना हुआ।कंपनी ने कहा कि यह इस मिशन का सपोर्ट करने वाले रॉकेट की 11वीं उड़ान थी। इसने पहले क्रू-5, जीपीएस 3 स्पेस व्हीकल 6, इनमारसैट आई6-एफ2, सीआरएस-28, इंटेलसैट जी-37, एनजी-20 और अब पांच स्टारलिंक उपग्रह प्रक्षेपित किए जा चुके हैं। इससे पहले 9 अगस्त को स्पेसएक्स ने अपने स्टारलिंक इंटरनेट उपग्रहों का एक और बड़ा बैच ऑर्बिट में लॉन्च किया था और समुद्र में एक जहाज पर एक रॉकेट उतारा।

## शेयर बाजार बढ़त पर बंद

मुम्बई । घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही दिग्गज कंपनियों एचडीएफसी बैंक, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में खरीददारी से आई है। आज के कारोबार के दौरान तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 165.32 अंक करीब 0.22 फीसदी बढ़कर 73,667.96 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 3.05 अंक करीब 0.01 फीसदी बढ़कर अंत में 22,335.70 अंक पर बंद हुआ।



आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों मारुति, इंफोसिस, टीसीएस और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त रही। वहीं एसबीआई जेएसडब्ल्यू स्टील , आईटीसी , एनटीपीसी , टाटा मोटर्स, ग्रेसिम, अडानी पोर्टस और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर गिरे हैं।

इससे पहले गत दिवस बाजार में भारी गिरावट रही थी।

वहीं आज सुबह घरेलू शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 42.52 अंक ऊपर 73,545.16 पर और निफ्टी 6.90 अंक ऊपर 22,339.60 पर कारोबार करता दिखा। प्री-ओपनिंग सेशन में बेंचमार्क इंडेक्स सपाट कारोबार कर रहे हैं। सेंसेक्स 34.24 अंक ऊपर 73,536.88 पर और निफ्टी 16 अंक ऊपर 22,348.70 पर दिख रहा है।

गत दिवस कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 617 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 161 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 616.75 अंक की भारी गिरावट के साथ 73,502.64 अंक पर बंद हुआ था। सेंसेक्स में 73,433.91 और 74,187.35 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में भी 160.90 अंक की गिरावट दर्ज की गई। निफ्टी दिन के अंत में 22,332.65 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में 22,307.25 और 22,526.60 के रेंज में कारोबार हुआ।

# अभिषेक एवं हवन-पूजन कर मनाया मां काली मंदिर प्रतिमा स्थापना का आठवां वार्षिकोत्सव





लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर के मण्डई टेकरी पर विराजमान माँ काली जी की प्रतिमा स्थापना का वार्षिक उत्सव समारोह 12 मार्च 2024 को आयोजित किया गया। बतादे की माँ काली जी की प्रतिमा स्थापना का यह आठवां वर्ष है इस आठवें वार्षिक उत्सव समारोह में माँ काली घाट जनकल्याण समिति मंडई टेकरी लांजी, सद्भावना मित्र मण्डल लांजी, शारदा महिला मण्डल लांजी, एवं पुजारी पंडित ईश्वरी प्रसाद तिवारी एवं अन्य वैदिक ब्राम्हण के द्वारा उक्त वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित किया गया। सुबह 6 बजे माँ काली जी का अभिषेक, प्रात 7 से 9:30 बजे तक षडोशोपचार पूजन अर्चन संपन्न हुआ। 1 बजे से दुर्गा सप्तसती के दशांश भाग का हवन पूजन कर माता जी को छप्पन भोग अर्पित किये जाकर पूर्णाहुति देकर संपन्न किया गया। संध्याकाल मे भजनों के माध्यम भक्तो का मन प्रफुल्लित हुआ।

## शाम 5:30 बजे से प्रसाद वितरण

माँ काली घाट जनकल्याण समिति, सद्भावना मित्र मण्डल लांजी के द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर उत्सव समाप्ति के दौरान महाप्रसाद भण्डारे का आयोजन किया जाता है। जो कि हवन पूजन उपरांत शाम 5:30 बजे से प्रसाद माता काली जी को भोग लगाने के पश्चात उक्त भण्डारा प्रारंभ किया गया। समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यगणों के द्वारा विशेष व्यवस्था के साथ आंगतुको, भक्तजनों, श्रृद्धालुओं को महाप्रसाद परोसा गया। बड़ी संख्या में दर्शनार्थी महाप्रसाद ग्रहण कर पूण्य लाभ अर्जित करते है। इस दौरान समिति के संरक्षक गिरधारीलाल अग्रवाल, अध्यक्ष युगेश रामटेक्कर, मधुकर आसटकर, राजकुमार कर्राहे, डॉ.नितिन पशीने, कैलाश पुरी गोस्वामी, रूपचन्द रामटेक्कर, सतीश दुरूगकर, देवानंद कुरवे, विशाल दुग्गड़, सुरेन्द्र पशीने, हुकुमचन्द जुझार, अनिल राजा महिमेहरो, राजू मोहारे, योगेन्द्र बबली मिश्रा, अंकित संजय शर्मा, बबलू शिवालिया, मुकेश देवगड़े, गजानंद बड़घैया, सचिन अग्रवाल, अंकित दिनेश अग्रवाल सहित अनेको सेवा भावी उक्त अवसर पर उपस्थित रहे।

## शारदा महिला मण्डल ने माँ काली जी को अर्पित किया 56 भोग

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर की सामाजिक धार्मिक संस्था शारदा महिला मण्डल के द्वारा 56 भोग महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महिला मण्डल की पदाधिकारी श्रीमती उषादेवी पशीने एवं समस्त महिला मण्डल की सदस्य गणों ने अपने अपने घर से विभिन्न प्रकार के व्यंजन, मिठाईया इत्यादि तैयार माँ काली मंदिर पंहुचे जहां पर हवन पूजन आरती के पश्चात शारदा महिला मण्डल की समस्त सदस्य गणों ने विधि पूर्वक माँ काली जी 56 भोग का प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान शारदा महिला मण्डल के सभी सदस्यगणों के घरो से प्रसाद आदि बनावाकर छप्पन भोग माँ काली माता को अर्पित किया जाकर पूजन अर्चन महिला मण्डल सदस्यो के द्वारा किया गया। इस दौरान महिला मण्डल से श्रीमती सुशीला दुग्गड़, मनीषा दुग्गड़, उमा तिवारी, सुनीता राँय, शिखा गोस्वामी, भगवती कर्राहे, अंजली रैंच, अनिता रामटेक्कर, कल्पना पशीने, पदमा शर्मा, अनिता अग्रवाल, सरिता श्रीवास्तव, उर्मिला अग्रवाल, आराध्या आसटकर, मीना बिलगौर, किरण तिवारी, अंजू पशीने, पूनम आसटकर आदि सदस्य गण उपस्थित रहे।

# लांजी पुलिस एवं सीआरपीएफ ने संयुक्त रूप से किया गया फ्लैग मार्च

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आने वाले दिनों में संपन्न होने जा रहे लोक सभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा भिन्न भिन्न प्रक्रिया अख्तियार कर चुनाव संबधी दिशा निर्देश व कार्य किये जा रहे हैं जिससे आगामी चुनाव मे मतदाता जागरूक हो एवं अपने मताधिकार को पहचान कर सही प्रतिनिधी का निर्वाचन करे। इसी कड़ी में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ बटालियन 123 (ए) के 70 जवानों के द्वारा क्षेत्र के ग्रामों एवं नगर में पंहुचकर अपनी उपस्थिती दर्ज करवाकर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है। अस्त्र शस्त्रों से लैस पुलिसबल, सीआरपीएफ के द्वारा चप्पे चप्पे पर नजर रखी जा रही है। इसी तारतम्य में 12 मार्च को लांजी पुलिस एवं सीआरपीएफ के जवानों के द्वारा पुलिस थाना लांजी से बस स्टैण्ड पंहुचकर फ्लैग मार्च निकालकर लांजी नगर का भ्रमण किया गया जो कि नगर के सभी प्रमुख मार्गो सहित चौक चौराहों से होकर वापस पुलिस थाना लांजी में भ्रमण समाप्त किया गया। वहीं भानेगांव में भी पहुंचकर ग्राम का भ्रमण किया। उक्त फ्लैग मार्च का नेतृत्व लांजी एसडीओपी सतेन्द्र घनघोरिया, सीआरपीएफ के अधिकारी, थाना प्रभारी दिनेश सोलंकी के द्वारा किया गया जिसमें लांजी पुलिस से एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित सीआरपीएफ बटालियन के सभी अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।



# पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौच कर की मारपीट

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अंतर्गत ग्राम परसवाड़ा निवासी सुखलाल लिल्हारे पिता छोटेलाल लिल्हारे उम्र 40 वर्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 10 मार्च को रात्रि 10 बजे अपने भाई गजलाल लिल्हारे के घर खाना खाकर अपने घर वापस आ रहा था कि रास्ते में संजय ठाकरे उम्र 23 वर्ष एवं संजू श्यामलाल पुसाम उम्र 18 वर्ष दोनों निवासी मोहनटोला कांवरा बांध तहसील सालेकसा ने रास्ता रोककर गाली गलौच किया एवं बूरी तरह से मारपीट की जिससे वह वहीं बेहोश हो गया। जिन्होंने उसे मरा समझकर वहां से भाग गए। कुछ देर बाद होश आने पर आस पड़ोस के द्वारा सिविल अस्पताल लांजी पहुंचाया गया। यह भी ज्ञात हुआ कि आरोपी किसी पुरानी रंजिश को लेकर यह मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सुखलाल लिल्हारे की शिकायत पर अपराध क्रमांक 78/24 धारा 294, 323, 506, 34 ताहि के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



# उपसरपंच की शिकायत पर ग्राम पंचायत बड़गांव के विभिन्न निर्माण कार्यो की हुई जांच

## सरपंच, सचिव, सहित रोजगार सहायक पर 527768 रु की निकली वसूली

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जनपद पंचायत किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बड़गांव का है जहाँ दिनांक 29 जनवरी 2024 को उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार द्वारा ग्राम पंचायत बड़गांव में चल रहे निर्माण कार्यो की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए थे ।और इसी सवाल उठाने को लेकर ग्राम पंचायत बड़गांव की सरपंच कृष्णा गुरुबेले द्वारा उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार के साथ अभद्रता करते हुए चप्पल से मारपीट की गई थी जिससे मानसिक रूप से परेशान एंव ग्राम पंचायत बड़गांव के विभिन्न निर्माण कार्यों की जाँच को लेकर उपसरपंच ओमप्रकाश बिरनवार अनशन पर बैठ गया था जिसका 05 दिन बाद राजकुमार कर्राहे विधायक लांजी, किरनापुर द्वारा अनशन तुड़वा दिया गया की आपके द्वारा की गई अभद्रता पर कार्यवाही सहित ग्राम पंचायत के विभिन्न निर्माण कार्यो की सूक्ष्मता के साथ जांच करवाई जाएगी। जिसको लेकर मनीष शेंडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत किरनापुर द्वारा तीन सदस्यीय जाँच दल कमेटी बनायेगी और उसमें ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विभिन्न निर्माण कार्यो की जांच की गई जिसमें पाया गया कि ग्राम पंचायत में किए गए कार्यो में भारी अनियमिता के साथ साथ अभिलेख संधारण में लापरवाही बरती गई है जिसको लेकर ग्राम पंचायत बड़गांव की सरपंच कृष्णा गुरूबेले पर 204455 रुपये ,सचिव के विरुद्ध 69415 रुपये,रोजगार सहायक 172389 रुपये जबकि उपयंत्री पर 72472 एंव नल जल वसुलिकर्ता के विरुद्ध करीब 9047 रुपये कुल मिलाकर 527768 रुपये वसूली निकाली गई है ।जिसका प्रतिवेदन जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी को भिजवा दिया गया है।



# धारदार हथियार लेकर घूम रहे व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत परसोड़ी के हनुमान मंदिर के समीप 12 मार्च को दोपहर में एक व्यक्ति धारदार हथियार चाकू छुरी लेकर लेकर घूम रहा था जिसे मुखबिर की सूचना पर लांजी पुलिस ने धर दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसोड़ी में राजू पिता लिखीराम नेवारे उम्र 23 वर्ष जाति गोवारी जो कि अवैध रूप से धारदार हथियार चाकू छुरी कमर में खोंच कर घूम रहा था जिसे लांजी पुलिस के द्वारा हिरासत में लेकर पुलिस थाना लांजी लाया गया और उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 81/ 24 धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया है। मामले की विवेचना एएसआई महेश तुरकने के द्वारा



# तहसील कार्यालय के सामने से एक्टिवा हुई चोरी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर में तहसील कार्यालय के सामने स्थित संजय खोबरागड़े के काम्प्लेक्स के सामने रोड़ के किनारे खड़ी एक्टिवा स्कूटी को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा ली गई। इस संबंध में कारंजा निवासी राजेंद्र गोटाफोड़े ने जानकारी बताया कि 12 मार्च को 3.45 बजे वह अपनी एक्टिवा स्कूटी क्रमांक एमपी 50 एस ए 4573 से आया था, एवं तहसील कार्यालय के सामने खड़ी करके तहसील में काम से गया हुआ था। कुछ देर बाद वापस आया तो देखा कि उसकी स्कूटी खड़े किए हुए जगह पर नहीं है। आस-पास देखने के उपरांत दिखाई नहीं देने पर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई।




# तीन माह तक टुरिज्म से रोजगार के हुनर सीखेंगी छात्राएं


## फूड एंड वेवरेज सर्विस एवं फ्रंट ऑफिस असोसिएट जॉब रोल के निश्शुल्क प्रशिक्षण शिविर का किया गया शुभारंभ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म के निर्देशानुसार टुरिज्म की संभावनाओं को विकसित करने और महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए टुरिज्म से रोजगार के अवसर भी सृजित किए जा रहे हैं। महिलाओं को इन रोजगार में पारंगत बनाने के लिये उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को हुनर से रोजगार 90 दिवस प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। सेंटर फॉर एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट (कार्ड) संस्था के माध्यम से शहर के भतेरा स्थित सेंटर में 60 युवतियों को फूड एंड वेवरेज सर्विस एवं फ्रंट ऑफिस असोसिएट जॉब रोल का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के माध्यम से खाद्य और पेय सेवा के अलावा होटलों मैनेजमेंट से संबंधित गुर भी सिखाए जाएंगे। ताकि टूरिस्टों की मेजबानी और बड़े लाज व रिसोर्ट के समस्त कार्यो को सीखकर युवतियां रोजगार प्राप्त कर आत्म निर्भर बन सकें। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डीएटीसीसी के नोडल अधिकारी विकास रघुवंशी शामिल हुए। वही इनके साथ पर्यटन प्रबंधक एमके यादव और युवा मोटिवेटर अजय ठाकुर की भी उपस्थिति रही। माँ सरस्वती का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विकास रघुवंशी ने प्रतिभागियों को हुनर से रोजगार तक योजना की जानकारी दी। साथ ही अपने अनुभव साझा करते हुए रोजगार से जोड़ने के लिये प्रेरित भी किया। संदीप राय प्रोग्राम मैनेजर कार्ड भोपाल ने वर्चुअली जुड़कर उपस्थित अथिति एवं प्रतिभागीयों को वर्तमान में कार्ड संस्था द्वारा संचालित योजनाओ, मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म हुनर से रोजगार तक में प्रशिक्षण लेना व प्लेसमेंट में जाने सम्बन्धी और स्किल प्रोग्राम की जानकारी दी। दिनेश हरिनखेड़े केंद्र प्रबंधक कार्ड संस्था ने उपस्थित अथितियो एवं प्रतिभागीयो को हुनर से रोजगार तक प्रशिक्षण की जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण का आभार प्रगट किया ।पर्यटन प्रबंधक एमजे यादव ने टूरिज्म विभाग की जानकारी देते हुए उपस्थित प्रतिभागियों को नियमित सेण्टर आने व फूड एंड वेवरेज सर्विस एवं फ्रंट ऑफिस असोसिएट जॉब रोल में विधिवत प्रशिक्षण लेने हेतु प्रेरित किया। अजय ठाकुर ने टूरिज्म की संभावना के साथ साथ शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। अंत मे सभी ने लोकसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। कार्यक्रम में कार्ड संस्था से वंदना चौधरी, सरिता श्रीवास, कल्पना ठाकुर, सरोज पटले, दीक्षा हनवत, शुभांक श्रीवास्तव, दिलीप बागडे, दुर्गाप्रसाद नागेश्वर, उमाशंकर बिसेन, विनय श्रीवास्तव, हरीश मस्करे आदि स्टॉफ उपस्थित रहा।




# मोटर साईकिल स्लीप हो जाने से गोपीचंद घायल पैर में आयी गंभीर चोट

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। ग्राम पंचायत लालपुर निवासी गोपीचंद चौधरी मोटर साईकिल के स्लीप होने से घायल हो गया। जिसे उचित उपचार के लिये वारासिवनी सिविल अस्पताल में लाया गया जहां उपचार के बाद उसकी छुट्टी कर दी गई है। यह घटना १२ मार्च की दोपहर में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ३२ वर्षीय गोपीचंद चौधरी लालपुर निवासी जब अपने गृहग्राम लालपुर जाने के लिये सिंगोड़ी से निकले थे। तब अचानक किसी मवेशी के सामने आ जाने के कारण उनकी मोटर साईकिल अनियंत्रित हो गई जिससे वे संतुलन नही बना पाये ओर सड़क पर गिर पड़े। जिन्हे राहगीरों के द्वारा तत्काल वारासिवनी सिविल अस्पताल उपचार के लिये लाया गया। बताया जा रहा है कि श्री चौधरी को सीधे पैर में काफी चोट आयी है वही उन्हे ११ टांके लगे है। फिलहाल उन्हे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गौरतलब है कि इन दिनों शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सड़क पर पालतू मवेशियों का विचरण होते हुये दिख सकता है। यह मवेशी दुर्घटना का कारण बन रहे है। जिसकी तरफ न तो शासन देख रही है ओर ना ही प्रशासन ऐसे में आम आदमी को अब सड़क पर चलने से डर सताने लगा है।



लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भाजपा ऑफिस के सामने वर्ग-1 चयनित अभ्यार्थियों ने किया रामायण का पाठ

भोपाल। बेरोजगार शिक्षक संघ शिवाजी नगर स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर घरना दिया। संघ की मांग है कि वर्ग एक उच्च माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा 2023 के वेटिंग अभ्यर्थी को नियुक्ति दी जाए। संघ के सदस्यों ने भाजपा कार्यालय की ओर जाने वाले रास्ते पर बैठकर रामायण पाठ किया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष देवेश पालीवाल ने बताया कि वर्ग एक चयन परीक्षा 2023 की परीक्षा में दो-दो एग्जाम लिए गए। लेकिन, इतने नाम मात्र के पदों में भर्ती निकाली गई और दो-दो एग्जाम पास करने के बाद अच्छे नंबर लाने के बाद भी शिक्षकों को वेटिंग में डाल दिया। अपने अधिकारों के लिए सरकार तक अपनी आवाज पहुंचने के लिए यह सभी ने एक जुट होकर सुबह से रामायण का पाठ किया।



उन्होंने बताया कि बेरोजगार शिक्षक संघ जो लगातार वर्ग एक चयन परीक्षा 2023 में प्रतीक्षा सूची में चयनित शिक्षकों की न्याय संगत मांग के लिए संघर्ष करता रहा है इसके पहले भी बेरोजगार शिक्षक संघ तीन-चार आंदोलन कर चुका है। जिसके बाद आज बेरोजगार शिक्षक का बीजेपी कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया है।

### इसलिए कर रहे पद वृद्धि की मांग

मध्य प्रदेश शिक्षक भर्ती 2023 लंबे समय 5 साल बाद आयोजित की गई। वह भी नाम मात्र के पदों पर जो की बहुत कम है। मध्य प्रदेश में पहली बार वर्ग 1 चयन परीक्षा 2023 में दो-दो एग्जाम लेने के बाद मात्र 8720 पदों पर भर्ती निकाली गई। जिसमें से 3668 पद बैकलॉग है। और 5052 सीधी भर्ती के पद हैं। जिससे सीधी भर्ती के पद नाम मात्र के हैं। वर्ग एक चयन परीक्षा 2023 में दो-दो परीक्षा पास करने के बाद और 70-75-80-85 जैसे अच्छे नंबर लाने के बाद भी चयनित शिक्षको को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। जबकि यह सभी चयनित शिक्षक हैं। शिक्षक बनन की पूरी योग्यता रखते हैं। लेकिन नाम मात्र के पदों में भर्ती होने के कारण यह अपने शिक्षक बनने के कार से वंचित हो गए है। सीधी भर्ती के 5052 को यदि 16 विषयों में और हर वर्ग में बांटा जाए। तो हर वर्ग में केवल 5 से 10 पद ही आ रहे हैं। और उसमें भी 50 प्रतिशत महिला आरक्षण होता है। इस स्थिति में अच्छे नंबर लाने के बाद भी बहुत से चयनित शिक्षक जो शिक्षक बनने की पूरी योग्यता रखते हैं। प्रतीक्षा सूची में डाल दिए गए हैं। पद कम होने के कारण अच्छे अंक लाने के बाद भी प्रतीक्षा सूची में शामिल किये गए अधिकतर चयनित शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी करते-करते उम्र के अंतिम पड़ाव में पहुंच गए है। वह अगली शिक्षक भर्ती परीक्षा नहीं दे पाएंगे। स्कूल शिक्षा विभाग लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा दिसंबर 2022 में राजपत्र जारी किया गया था। जिसमें स्वीकृत पद 34789 बताये गए हैं। और शिक्षक भर्ती परीक्षा 2023 का विज्ञापन जनवरी 2023 निकाला गया। मध्य प्रदेश की शिक्षक चयन भर्ती 2023 में अनारक्षित वर्ग की 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत सीटें दूसरे राज्यों के अभ्यर्थियों द्वारा ले ली गई है जिससे मध्य प्रदेश के छात्रों का हक छीना गया है दूसरे राज्यों का शिक्षक भर्ती कोटा फिक्स किया जाए और उम्र सीमा भी निर्धारित की जाए ।

# महंगाई भत्ता और महंगाई राहत की मांग

## शिक्षकों ने कहा-लोकसभा चुनाव की आचार संहिता से पहले निर्णय ले सरकार

भोपाल। मध्य प्रदेश के 7.50 लाख सेवारत कर्मचारियों और 4.50 लाख सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जुलाई 2023 से मिलने वाला 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत अब तक नहीं मिला है। जबकि केंद्र सरकार ने जनवरी 2024 से फिर 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता और महंगाई राहत अपने (केंद्रीय) कर्मचारियों को दे दी है। मध्य प्रदेश सरकार की इस लेटलतीफी से कर्मचारी नाराज हैं और लोकसभा चुनाव के लिए आचार संहिता प्रभावी होने से पहले महंगाई भत्ता और राहत देने के आदेश जारी करने की मांग कर रहे हैं।

आजाद अध्यापक-शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष भरत पटेल का कहना है कि प्रदेश में 2.87 लाख शिक्षक हैं, जो अध्यापक से शिक्षक बने हैं। उन्हें भी महंगाई भत्ता का इंतजार है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सरकार ने महंगाई भत्ता देने की प्रक्रिया प्रारंभ की थी, पर चुनाव आयोग की अनुमति नहीं मिली और चुनाव संपन्न होने के बाद से सरकार ने इस दिशा में रुचि नहीं ली है। जनवरी 2024 से दिए जाने वाले भत्ते की घोषणा के बाद से प्रदेश के कर्मचारियों को 8 प्रतिशत महंगाई भत्ते और महंगाई राहत का नुकसान हो रहा है।

# न्यूमार्केट हनुमान मंदिर पहुंच शंकराचार्य ने किए दर्शन

## - गो रक्षा मुहिम से स्वयं जुड़ें और दूसरों को भी जोड़ें

भोपाल। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने न्यू मार्केट खेड़ापति हनुमान मंदिर पहुंच कर दर्शन किए। यहां उन्होंने अपने गो रक्षा अभियान की जानकारी दी और कहा कि सभी भक्तों को गो-रक्षा के कार्य में आगे आना चाहिए। इस अभियान से स्वयं जुड़े और दूसरों को भी जोड़ें। उन्होंने यहां मंदिर कमेटी द्वारा रसूलिया गुसाईं में प्रस्तावित चारधाम मंदिर निर्माण में सभी तरह से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

शंकराचार्य ने कहा कि केदारनाथ धाम एवं बद्रीनाथ धाम मंदिर कमेटियां भी इसमें पूजन पद्धति आदि कार्य में सहयोग करेंगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष आरसी जैन ने शंकराचार्य महाराज को हनुमान मंदिर में चल रहे निर्माण एवं चारधाम मंदिर की जानकारी दी। शंकराचार्य ने श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसके पूर्व बाणगंगा स्थित त्रिपुर सुंदरी ललितांबा एवं झरनेश्वर महादेव मंदिर में द्वारका-शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती व शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने गुरु पूजा की। शाम को उनके प्रवचन हुए।

### श्री राजराजेश्वरी के मणिमय स्वरूप स्वर्ण मंडप में अर्पित

प्राचीन झरनेश्वर मंदिर में ब्रह्मलीन शंकराचार्य स्वामी सरस्वती महाराज की प्रतिमा द्वारकापीठ के शंकराचार्य स्वामी सदानंद महाराज एवं ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सान्निध्य में स्थापित की गई। राजराजेश्वरी न्यास के अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद की अध्यक्षता में आयोजन हुआ। शुरुआत गुरुमण्डलार्चन एवं अनावरण से हुई। इसके बाद भगवती श्री राजराजेश्वरी के मणिमय स्वरूप को स्वर्ण मंडप में अर्पित किया गया। शंकराचार्य सहित अनेक शिष्यों ने गुरुजी की यादों को साझा किया।

# हाईकोर्ट के स्थायी जज बने न्यायमूर्ति रमण



भोपाल। मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश दुपल्ला वेंकट रमण को स्थायी जज नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि जस्टिस रमण को 2022 में हाईकोर्ट जबलपुर में अतिरिक्त न्यायमूर्ति बनाया गया था। जस्टिस रमण ने वर्ष 1994 में आंध्रप्रदेश से न्यायिक अधिकारी के तौर पर सेवा शुरू की थी। केंद्रीय कानून व न्याय मंत्रालय ने राष्ट्रपति के आदेशानुसार रमण को अतिरिक्त से स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति प्रदान किए जाने की अधिसूचना जारी की है। इसी के साथ रमण अब जबलपुर हाईकोर्ट के स्थायी जज होंगे।

# भाजपा का पूरा जोर मतदान बढ़ाने पर

## - शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मैदान में उतर रहे भाजपा कार्यकर्ता

भोपाल। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही भाजपा मैदान पकड़ चुकी है। पार्टी के कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मतदान करने की गुहार लगा रहे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के आंकडे बताते हैं कि जब-जब मतदान का प्रतिशत बढ़ा है, भाजपा फायदे में रही है। यही वजह है कि इस बार भी पार्टी ने शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा है। पार्टी ने इसकी तैयारी कर भी ली है। मतदान के लिए मतदाताओं को घरों से बाहर निकालने में माहिर भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के कई सत्र हो भी चुके हैं। इधर दूसरी तरफ कांग्रेस खेमे में निराशा है। कांग्रेस के कार्यकर्ता इस बात से भी दुखी है कि जिन नेताओं के लिए वह वर्षों से मेहनत करता रहा वे खुद ही भाजपा का दामन थाम रहे हैं। भाजपा का पूरा जोर इस बार के लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान कराने पर है। पार्टी के नेताओं के मुताबिक हमने इसे लेकर तैयारियां बहुत पहले ही शुरू कर दी थीं। पन्ना प्रमुख के पास एक-एक मतदाता की जानकारी होती है। हमारा लक्ष्य शत प्रतिशत मतदान कराने का है। इसे लेकर हम समय समय पर हम प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित कर रहे हैं। इस बार हमने मतदाताओं से सीधे संपर्क की रणनीति भी बनाई है। इसके तहत ही गांव चलो अभियान, लाभार्थी संपर्क अभियान आदि आयोजन हो चुके हैं। जल्द ही कुछ अन्य आयोजन भी होंगे। हमारे नेता मतदाताओं से सीधे संपर्क कर रहे हैं और निश्चित ही इसका फायदा हमें मिलेगा। पन्ना प्रमुख भाजपा की रीढ़ की हड्डी के समान हैं। शासन की योजनाओं, कार्यक्रम इत्यादि की जानकारी आमजन तक पहुंचाने में वे प्रमुख भूमिका निभाते हैं। शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को हासिल करने में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। मतदाता सूची के एक पन्ने में शामिल मतदाताओं ने मतदान किया या नहीं, कहीं कोई मतदाता मतदान के लिए शहर से बाहर तो नहीं है, कहीं किसी मतदाता को मतदान में किसी तरह की कोई परेशानी तो नहीं हो रही है, जैसे मुद्दों को हल करने में ये पन्ना प्रमुख माहिर होते हैं।

# डॉ. गोविंद सिंह का चुनाव लड़ने से इंकार

भोपाल। कांग्रेस नेताओं के भाजपा ज्वाइन करने के बीच मंगलवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गोविंद सिंह पूर्व गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से मिलने उनके निवास पहुंचे। उन्होंने दोनों नेताओं के बीच मुलाकात को सौजन्य भेंट बताया। मीडिया से बातचीत में डॉ. गोविंद सिंह ने नरोत्तम मिश्रा से मुलाकात को लेकर कहा कि हम लोग पुराने मित्र हैं। मुलाकात चलती रहती है। उन्होंने भाजपा में शामिल होने की बात से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस में हूं और कांग्रेस में ही रहूंगा। किसी से मिलने से राजनीति बदल नहीं जाती है।



गोविंद सिंह ने पार्टी छोड़ रहे नेताओं को लेकर कहा कि यह नेतृत्व को देखना चाहिए, जिन्हें मान सम्मान नहीं मिल रहा वह जा रहे हैं उनकी ज्यादा महत्वाकांक्षा हैं। उन्होंने कहा कि मैं कहीं नहीं जा रहा हूं। वहीं, चुनाव लडने् को लेकर गोविंद सिंह ने कहा कि पहले मेरा मुरैना से चुनाव लडने् का विचार था, लेकिन अब मैंने त्याग दिया है।

### नरोत्तम से बंद कमरे में चर्चा

कांग्रेस के सीनियर लीडर और पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह मंगलवार को पूर्व गृह मंत्री व भाजपा की न्यू जॉइनिंग टोली के संयोजक डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मिले। दोनों नेताओं के बीच नरोत्तम के आवास पर बंद कमरे में आधे घंटे तक चर्चा हुई। डॉ. नरोत्तम मिश्रा से मिलने के बाद डॉ. गोविंद सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा- हमारी मुलाकातें होती रहती हैं। हम पड़ोसी हैं। छात्र जीवन से एक-दूसरे के साथ हैं। वे हमारे यहां आते हैं, हम उनके यहां आते-जाते रहते हैं।

### कांग्रेस में हूं और रहूंगा

भाजपा जॉइन करने के सवाल पर गोविंद सिंह ने कहा- हम भाजपा जॉइन करने वाले नहीं हैं। हम तो दोस्ती के नाते आए हैं। अगर कोई ऐसी बात होती तो हम पहले ओपन करते हैं। आप लोगों को ओपन कर देंगे। मैं कांग्रेस में हूं और कांग्रेस में रहूंगा।

### दल अलग, लेकिन दोस्ती पुरानी है

गोविंद सिंह ने कहा, हम डॉ. नरोत्तम मिश्रा से हमेशा मिलते रहते हैं। चुनाव के बाद भी मिले हैं। दल अलग-अलग भले हैं, लेकिन दोस्ती है। आप देखिए हरियाणा वाले वीरेंद्र सिंह भाजपा में हैं, उनका बेटा कांग्रेस में आ गया। दोनों बाप-बेटे एक साथ, एक मकान में रह रहे हैं। सुचेता कृपलानी कांग्रेस की नेता थीं, आचार्य कृपलानी समाजवादी थे। दोनों एक घर में रहते थे, लेकिन पार्टियां अलग-अलग थीं।

### टिकट की बात नेतृत्व बताएगा

अब तक लोकसभा चुनाव के टिकट घोषित न कर पाने के सवाल पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष ने कहा, यह पार्टी का नेतृत्व जाने, मैं टिकट वितरण कमेटी में नहीं हूं। जब दिल्ली में था तब बता देता था। यह तो नेतृत्व को देखना चाहिए। पार्टी ने जिन्हें जिम्मेदारी दी है वह निभा रहे हैं। हमें जो जिम्मेदारी देगी हम निभाएंगे।


# मजदूरों की मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ी

## - मंत्री प्रहलाद पटेल ने बीड़ी, अगरबत्ती, खेती जैसे काम में लगे श्रमिकों को दी सौगात

भोपाल। मप्र में 9 साल बाद श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाई गई है। श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने बीड़ी, अगरबत्ती, खेती जैसे काम में लगे श्रमिकों को मिलने वाली मजदूरी 25 प्रतिशत बढ़ाने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि बढ़ी हुई मजदूरी 1 अप्रैल, 2024 से मिलेगी। मप्र में 9 साल बाद मजदूरी की दरें बढ़ाई गई हैं। इससे पहले 2014 में मजदूरी दर बढ़ाई गई थी।

कृषि श्रमिकों को देय प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि तथा लेबर ब्यूरो शिमला द्वारा निर्मित अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 930 (1986-87=100) के औसत के आधार पर 1 अक्टूबर 2019 से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते को न्यूनतम वेतन में जोडक़र नई न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई हैं। नई न्यूनतम वेतन दरों के प्रभावशील होने पर कृषि श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 7660 रुपए प्रतिमाह हो जाएगा।

कृषि श्रमिकों के लिए दर्शाई गई वेतन दरों पर परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता, जो लेबर ब्यूरो- शिमला द्वारा निर्मित अखिल भारतीय कृषि श्रमिक उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 930



(1986-87=100) जनवरी से जून, 2019 के आंकड़ों के औसत पर आधारित है। सूचकांक 930 के ऊपर प्रति 6 माह में सूचकांक में जो औसत वृद्धि होगी, उसी अनुपात में 1 अप्रैल एवं 1 अक्टूबर, जैसी भी स्थिति हो, प्रति बिंदु प्रतिमाह 6 रुपए के हिसाब से परिवर्तनशील मंहगाई भत्ता घोषित किया जाएगा। यानी कृषि श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में वृद्धि के बाद 1 अप्रैल, 2024 से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते सहित कृषि श्रमिकों के वेतन में 1674 रुपए प्रतिमाह की वृद्धि होगी।

### मिलेगा न्यूनतम वेतन

इसी प्रकार बीड़ी श्रमिकों एवं अगरबत्ती श्रमिकों के वेतन मे भी देय प्रचलित न्यूनतम वेतन की दरों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। यह जनवरी से जून, 2019 के औसत अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 1 अक्टूबर, 2019 से देय परिवर्तनशील मंहगाई भत्ते को न्यूनतम वेतन में जोडक़र नई न्यूनतम वेतन दरें निर्धारित की गई है। न्यूनतम वेतन दरें किसी भी श्रमिक पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेंगी। अगर वर्तमान वेतन की दरें संशोधित दरों से अधिक हैं, तो वे किसी भी दशा में कम नहीं की जाएंगी, जब तक कि न्यूनतम वेतन की दरें उसके समकक्ष नहीं हो जाती हैं।

महंगाई भत्ते को जोडकर

# दिग्विजय मानहानि के केस में दोषमुक्त

भोपाल। ग्वालियर के एमपी-एमएलए कोर्ट ने मानहानि केस में पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने सेक्शन 499 के अपवाद 9 के तहत दिग्विजय सिंह को बरी किया है। आरोप था कि दिग्विजय सिंह ने 31 अगस्त 2019 को भिंड में पत्रकारों से चर्चा के दौरान भाजपा और आरएसएस के कार्यकर्ताओं पर पाकिस्तान की आईएसआई के लिए जासूसी करने की बात कही थी। भाजपा कार्यकर्ता और एडवोकेट अवधेश भदौरिया ने मानहानि का परिवाद दायर किया था। जिसमें मंगलवार को एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह को बड़ी राहत देते हुए दोषमुक्त कर दिया है। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद मंगलवार को ग्वालियर के जिला न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए।



# एनएसयूआई की बड़ी जीत, लंबे इंतजार के बाद नर्सिंग परीक्षाओं के टाइम टेबल जारी

भोपाल। मध्यप्रदेश नर्सिंग छात्र-छात्राओं की परीक्षाओं के लिए मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर ने टाइम टेबल जारी कर दिए हैं परिक्षाओं की मांग को लेकर सड़कों पर संघर्षरत एनएसयूआई मेडिकल विंग की ये बड़ी जीत है हालांकि , एनएसयूआई के रवि परमार ने कहा कि नर्सिंग छात्रों की लड़ाई अभी जारी है जबतक अनुपयुक्त पाए गए कॉलेजों के स्टूडेंट्स के साथ न्याय नहीं होता हम लड़ते रहेंगे। दरअसल, उच्च न्यायालय के आदेश के बाद सीबीआई की जांच में उपयुक्त पाए गए नर्सिंग कालेजों की परीक्षा के लिए टाइम टेबल जारी कर दिए गए हैं हालांकि, जो टाइम टेबल जारी किया गया है वो सिर्फ़ उन्ही कॉलेज के लिए है जो सीबीआई जॉच मैं सही पाए गए है। यानी सिर्फ़ 169 कॉलेज की परिक्षाएं होगी शेष नर्सिंग कॉलेजों की परीक्षाएं नहीं होंगी।




ऐसे में उन कॉलेजों में अध्ययनरत हजारों छात्र छात्राएं परीक्षा देने से वंचित रह जाएंगे। एनएसयूआई मेडिकल विंग के संयोजक रवि परमार ने कहा कि हजारों छात्र छात्राओं का भविष्य अब भी अंधेरे में है। स्टूडेंट्स की क्या गलती है। कॉलेज संचालक और सरकार की गलती की सजा स्टूडेंट्स क्यों भुगतेंगे। हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार उनके लिए तत्काल कोई रास्ता निकाले अन्यथा एनएसयूआई मेडिकल विंग नर्सिंग छात्र छात्राओं के साथ उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगी ?

बता दें कि नर्सिंग परिक्षाओं की मांग को लेकर रवि परमार लगातार संघर्षरत रहे हैं। पिछले साल 1 फरवरी को नर्सिंग छात्र छात्राओं की परीक्षा की मांग एवं नर्सिंग घोटाले की जांच की मांग को लेकर एनएसयूआई नेता रवि परमार ने तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के बंगले का घेराव किया था। उसके बाद रवि परमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। इसके अलावा भी कई बार उन्हें गिरफ्तार किया गया और कई मुकदमे दर्ज किए गए। हालांकि, वे सड़क से लेकर कोर्ट तक नर्सिंग स्टूडेंट्स की मांग उठाते रहे।

# एनआईए की एमपी में चार जिलो में सर्चिंग, भोपाल, बढ़वानी में दो सदिंग्धो से पूछताछ

भोपाल। नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की टीम ने खालिस्तानी आतंकियों और गैंगस्टर के बीच संबधो को लेकर मिले इनपुट की जानाकरी पर मंगलवार को मध्यप्रदेश के भोपाल, बुरहानपुर, खरगोन और बड़वानी जिले में रेड मारते हुए संर्चिग की है। सूत्रो के अनुसार एनआईए को भोपाल के खानूगांव के एक युवक के खालिस्तानी संगठन से जुड़े होने की जानकारी मिली थी। टीम ने घेरांबदी कर उसे हिरासत में लेकर भोपाल में सेफ हाउस में पूछताछ की है। वहीं मेंडोरी में भी एक मकान पर दबिश दिये जाने सूचना थी, लेकिन टीम को यहां कुछ नहीं मिला। जानकारी के अनुसार एनआईए की टीमे खरगोन जिले में दो थाना क्षेत्र भगवानपुरा और गोगांवा क्षेत्र में पहुंची हैं। भगवानपुरा के सतीपुरा में सर्चिग व पूछताछ की गई है।

# गंभीर अनियमितता पर आयुक्त रतलाम नगर निगम गहरवाल निलंबित

भोपाल। राज्य शासन ने रतलाम नगरपालिक निगम आयुक्त अखिलेश गहरवार को गंभीर अनियमितता करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने निलंबन संबंधी आदेश आज जारी कर दिये हैं। आयुक्त अखिलेश गहरवार के खिलाफ पिछले कुछ समय से गंभीर अनियमितताओं की शिकायतें प्रकाश में आयी थीं। जाँच प्रतिवेदन के अनुसार रतलाम में सिविल सेंटर के 22 प्लाटों की रजिस्ट्री विभिन्न व्यक्तियों के नाम कूटरचित तरीके से संपादित की गई थीं।

## हरदा ब्लास्ट की जांच रिपोर्ट श्रम मंत्री ने लौटाई, पूछा

# पीड़ितों की सूची का वेरिफिकेशन किस आधार पर हुआ

भोपाल । हरदा जिले में 6 फरवरी को हुए पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की जांच रिपोर्ट श्रम मंत्री ने लौटा दी है। मंगलवार को श्रम और पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल 9 साल बाद प्रदेश में बढ़ाई गई मजदूरी दरों का ऐलान कर रहे थे। इस दौरान उनसे हरदा हादसे की जांच रिपोर्ट को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा- मैं जांच रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं हूं, इसलिए कल (सोमवार) उसे स्वीकार नहीं किया है। मैंने मजदूरों की आइडेंटिटी को लेकर अपने विभाग से सवाल किए हैं। पूछा है कि यदि 2015 में उसी जगह पर हादसा हुआ था तो उस फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों की संख्या का एनरोलमेंट क्यों नहीं था? अभी जो पीड़ित हैं, उसमें पब्लिक की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। मजदूरों की संख्या तो 32 ही है। जब सूची ही नहीं हैं तो वेरिफिकेशन किस आधार पर हो रहा है? आप किसी घायल से पूछकर उसे मजदूर बता रहे हैं। उसकी बहस में नहीं पड़ रहा। लेकिन अगर आपके पास किसी इंडस्ट्री में काम करने वालों की सूची नहीं हैं तो न्याय करने का आधार क्या होगा? इसलिए मैं खुद प्रथम दृष्ट्या मैने रिपोर्ट को स्वीकार नहीं किया है।

प्रह्लाद पटेल ने बताया कि- मैंने कहा है कि यदि कोई पेपर वहां (हरदा) के कलेक्टर या हमारे विभाग के पास हो तो दिखाएं। 2015 में ठीक इसी तरह की घटना हो चुकी है। उसके बाद भी सूची अगर उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में हमें अपने मैकेनिज्म पर विचार करना पड़ेगा कि क्या तरीका अपनाएं। इसके मैने निर्देश जारी किए हैं।

### भोपाल में जीवित को संबल लाभ पर भी दिए निर्देश

भोपाल नगर निगम में जीवित लोगों को संबल योजना का लाभ दिए जाने पर भी मंत्री ने कहा है कि मामले में भी मैने कहा कि पंचनामा के बगैर भुगतान कैसे हो सकता है। अगर होता है तो उस प्रक्रिया को भी हम बदल रहे हैं। मुझे जानकारी मिली है नगर निगम के 6 अधिकारियों को निलंबित किया गया है। मैने पीएस को निर्देश दिए हैं कि हमें रिकवरी के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिखा जाना चाहिए। क्योंकि आप जो कार्रवाईयां करते हैं वो आपका अधिकार क्षेत्र है, लेकिन संबल का भुगतान श्रम मंत्रालय के पैसे से होता है।

# नाबालिग का अपहरण कर बलात्कार करने वाले आरोपी को 20 साल की जेल

भोपाल। राजधानी की जिला अदालत में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) रश्मि मिश्रा की कोर्ट ने नाबालिग किशोरी का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सुनवाई पूरी होने के बाद दोषी करार देते हुए 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सहित 11 हजार रूपए के जुर्माना से दण्डित किये जाने का फैसला सुनाया है। लोक अभियोजक से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता के पिता ने 17 अक्टूबर 2018 को गुनगा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था, की वह मेहनतृमजदूरी करता है, उसकी नाबालिब बेटी करोंद में रहने वाली मौसी के घर मेहमान गई थी, उसने कहा था, की वह तीन दिन बाद वापस आ जायेगी। तीन तीसरे दिन शाम करीब 8 बजे उनके साडू भाई ने फोन कर बताया की दोपहर 3 बजे उनकी बेटी उनके घर से निकल गई थी, लेकिन बेटी पिता के घर नहीं पहुंची थी। काफी खोजबीन के बाद भी तब वह नहीं मिली। तब पिता ने आशंका जताई कि उनकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर ले गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता को दस्याब करते हुए उसके बयान दर्ज किए। अपने बयानो ने किशोरी ने बताया की

घर आने के लिए करोंद चौराहे पर खडी थी, उसी समय परिचित आरोपी सीताराम का फोन आया उसने कहा कि वह वहीं रूके वो वहां आ रहा है। बाद में आरोपी सीताराम उसके पास आया और अपने मामा जी के घर घुमाने का कहकर अपनी दीदी के गांव ले गया और वहां 5-6 दिन तक उसे बंधक बनाकर रखते हुए कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। उसके बाद आरोपी सीताराम उसे लेकर अपने मामा के लडके के घर भोपाल आ गया और वहां भी 5-6 दिन रखकर लगातार उसके साथ गलत काम करता रहा। आरोपी उसे कहीं आने जाने भी नहीं देता था। 1 नंवबर को सीताराम अपना फोन घर पर भूल गया था, तब मौका पाकर किशोरी ने अपने पापा को फोन कर सारी बात बता दी। इसके बाद पिता के कहने पर किशोरी शॉपिंग के बहाने आरोपी के साथ करोंद चौराहे पर आ गई जहां उसके माता-पिता भी आ गये और उसे अपने साथ लेकर थाने जा पहुंचे। पुलिस ने जॉच के बाद अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। अदालत ने अभियोजन द्वारा पेश किये गए साक्ष्य, तर्को एवं दस्तावेजों एवं वैज्ञानिक साक्ष्य से सहमत होते हुऐ आरोपी सीमाराम को धारा 376(3) भादवि में दोषी करार देते हुए 20 साल का सश्रम कारावास सहित 5 हजाश्र रूपये का अर्थदण्ड एवं 5/6 पॉक्सो एक्ट मे 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं पॉच हजार रुपये का अर्थदण्ड एवं धारा 366-ए भादवि मे 5 वर्ष का सश्रम कारावास व 1 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किये जाने का फैसला दिया है। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक दिव्या शुक्ला एवं ज्योति कुजूर द्वारा पैरवी की गई है।



## हमारा संकल्प गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और रोज़गार
## पूरा कर रही मध्यप्रदेश की डबल इंजन सरकार



**नरेन्द्र मोदी**, प्रधानमंत्री

**डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

# पीएम - सूरज राष्ट्रीय पोर्टल का शुभारंभ

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वीसी के माध्यम से)

सायं 4:00 बजे - धार

एवं




## रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय, सागर
## का डिजिटल लॉन्च

मुख्यमंत्री

## डॉ. मोहन यादव

द्वारा

दोपहर 12:00 बजे - पी.टी.सी. ग्राउंड, सागर

तथा

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

प्रातः 10:00 बजे - खेल मैदान, मंगल बाज़ार, मंडीदीप, भोपाल

13 मार्च, 2024

- **पीएम - सूरज राष्ट्रीय पोर्टल** वंचित वर्गों को ऋण प्राप्त करने में एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करेगा
- 1 लाख लोगों के ऋण हुए स्वीकृत
- सीवर और सेप्टिक टैंक श्रमिकों को दिये जाएंगे, आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड एवं पीपीई किट
- मध्यप्रदेश सरकार के प्रतिबद्ध प्रयासों से मध्यप्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है
- मध्यप्रदेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का अग्रणी राज्य है
- व्यावसायिक शिक्षा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा का एकीकरण कर क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रमों के निर्माण से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर दिया जा रहा है बल

जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

सीधा प्रसारण http://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP


D11243/23

# 2 मवेशियों की लड़ाई में बाल-बाल बची राहगीर की जान

## गोंदिया रोड स्थित राम मनोहर लोहिया चौक का मामला, इधर-उधर भाग कर लोगों ने बचाई जान, बे-लगाम सड़कों पर घूम रहे आवारा मवेशी

**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। नगर के गोंदिया रोड स्थित राम मनोहर लोहिया चौक में देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां सड़कों पर घूम रहे मवेशियों की अचानक आपस में लड़ाई शुरू हो गई ।हालांकि कुछ मवेशियों की लड़ाई थोड़ी देर में ही समाप्त हो गई ।लेकिन दो मवेशी लंबे समय तक अपने वर्चस्व की लड़ाई लड़ते रहे। जिनकी इस लड़ाई से जहां एक ओर लोहिया चौक में कुछ देर के लिए यातायात जाम हो गया, तो वहीं मवेशियों की लड़ाई इतनी अधिक तेज हो गई की इस लड़ाई में लोगों की जान पर बन आई और लोग अपनी जान को बचाते इधर-उधर भागते दिखाई दिए।**





### राहगीर को सिंग मारकर किया घायल

देर शाम राम मनोहर लोहिया चौक में मवेशियों के बीच शुरू हुई लड़ाई के दौरान एक राहगीर लंबे समय तक जाम में फंसा रहा ।मौका देख जैसे ही वह अपनी मोटरसाइकिल लेकर आगे बड़ा वैसे ही आपस में लड़ रहे दोनों मवेशियों ने उस राहगीर को सिग मारकर बाइक से नीचे गिरा दिया और लगातार उसपर हमला करने लगे ।इसी बीच स्थानीय लोगों की मदद से उस बाइक सवार युवक को बचाया गया। तो वही मवेशियों को वहां से खदेड़कर यातायात व्यवस्था सुचारू बनाई गई। आपको बताएं कि इन दिनों आवारा मवेशियों ने सड़कों को ही अपना अड्डा बना रखा है जिस पर नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है और ऐसे हादसे नगर में आए दिनों देखने को मिलते रहते हैं।

### जहां तहां सड़कों पर घूम रहा आवारा मवेशियों का झुंड

नगर में इन दिनों आवारा पशुओं की संख्या में भारी इजाफा देखा जा रहा है बीच सड़क पर खड़े होकर सब का रास्ता रोक देना पशुओं के लिए आज आम बात हो गई है चाहे दिन हो या रात यह आवारा मवेशी अक्सर सड़कों पर खड़े ही नजर आते हैं। आप चाहे शहर के किसी भी मार्ग पर चले जाइए आपको आवारा पशुओं का झुंड सड़कों के बीचो बीच बैठा नजर आ ही जाएंगा। शहर में बेखौफ होकर घूम रहे आवारा मवेशी जहां एक ओर यातायात व्यवस्था पर खासा असर डाल रहे हैं तो वहीं यमदूत बनकर दुर्घटनाओं को न्यौता देते भी नजर आ रहे हैं।आप शहर के विभिन्न मार्गो में आवारा पशुओं के झुंड को धमाचौकड़ी कर तांडव मचाते देख सकते हैं यह आवारा पशु आवागमन करने वाले राहगीरों के लिए मुसीबत बन गए हैं। शहर में पिछले कई वर्षों से काँजीहौस नहीं है वहीं नगर पालिका की हाका गैंग भी नजर नहीं आ रही है किसी की रोक टोक न होने और कोई भी कार्यवाही ना होने के चलते पशु मालिक इस बात का फायदा उठाकर अपने मवेशियों को आवारा सड़को पर छोड़ रहे हैं। वही पशु मालिकों पर कार्रवाई ना होने का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### मानव के साथ साथ मवेशी भी हो थे दुर्घटना के शिकार

बालाघाट जिले के नगरीय क्षेत्र की सड़कों पर विचरण करते आवारा मवेशी न सिर्फ स्वयं की जान के दुश्मन बने हुए बल्कि इनसे मानव जीवन पर भी प्रभाव पड़ रहा है। आवारा मवेशियों के कारण सड़क पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। जिसमें मवेशियों की मौत होने के साथ ही मानव भी या मौत का शिकार हो रहे है या फिर गंभीर रुप से घायल हो रहे है। हालांकि नगर पालिका प्रबंधन इन आवारा मवेशियों पर नकेल कसने की बात लगातार कहता नजर आता है, लेकिन नपा की ये कोशिश नाकाफी ही साबित हो रही है और सड़कों पर झुंड में बैठे या फिर विचरण कर रहे ये मवेशी सड़क दुर्घटनाओं को आमत्रंण दे रहे है।

### इन मार्गों को मवेशियों ने बनाया अपना अड्डा

वैसे तो शहर के सभी मार्गो में आप इन आवारा मवेशियों को आराम फरमाते देख सकते हैं लेकिन शहर के बाईपास, शहर के बस स्टैंड, काली पुतली चौक, मेन रोड,गुजरी बाजार,जय स्तंभ चौक, अंबेडकर चौक अस्पताल रोड, भटेरा चौकी, बूढ़ी मार्ग, वारासिवनी रोड, हनुमान चौक ,सब्जी मंडी ,सरेखा बाई पास, व गोंदिया रोड सहित अन्य चौक चौराहों व मार्गों पर इन दिनों आवारा मवेशियों का झुंड यातायात व्यवस्था को बाधित करता नजर अक्सर नजर आ जाता है ।जिससे राहगीर काफी परेशान हैं।

### यातायात व्यवस्था पर पड़ रहा व्यापक असर

आवारा पशुओं के जमघट के कारण शहर के विभिन्न चौक चौराहों व अन्य मार्गों पर यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रहा है यह आवारा मवेशी जहां ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं तो वहीं बीच सड़क में आराम फरमाने के कारण यातायात पर बुरा असर पड़ रहा है राहगीरों द्वारा भगाने पर भी मवेशी अपनी जगह से टस से मस नहीं होते।

### दुर्घटनाओं की बढ़ी आशंका

यू तो इन आवारा पशुओं ने सड़को को ही अपना ठिकाना बना रखा है लेकिन पशुओं के इन ठिकानो में वाहन चालकों की मुसीबत काफी बढ़ा दी है कई जगह आवारा पशु वाहन के एकाएक सामने आ जाते हैं इस कारण वाहन चालकों अचानक ब्रेक लगाना पड़ता है जिससे दुर्घटना की आशंका और बढ़ जाती है।

### धमाचौकड़ी कर मचा रहे तांडव

बेखौफ आवारा मवेशी सड़कों पर झूड बना कर घूम रहे हैं जो बीच सड़क में कभी भी लड़ाई कर तांडव मचाते नजर आ रहे हैं जिसके चलते आम नागरिकों को वाहन चलाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दुर्घटना होने की आशंका भी काफी बढ़ गई है।

### कहां गई हाका गैंग

आपको बताए कि नगर में कांजी हाउस की व्यवस्था नहीं है चाह कर भी लोग इन आवारा मवेशियों से छुटकारा नहीं पा रहे हैं वहीं नगर पालिका द्वारा आवारा मवेशियों को खदेडने के लिए हाका गैंग बनाई गई थी जो आवारा मवेशियों को सड़कों से खदेड़ने और उन्हें गौशाला तक पहुंचाने का कार्य करती थी। लेकिन नगरपालिका की हाका गैंग भी अब नजर नहीं आ रही है।जिसका खामियाजा राह चलने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### कल से शुरू करते हैं कार्यवाही -श्रीवास्तव

इस पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी निशांत श्रीवास्तव ने बताया कि हाका गैंग बंद नहीं की गई है बल्कि उन्हें दूसरा काम सौंप दिया गया है।इसीलिए आवारा मवेशियों पर कार्यवाही बंद है। उन्होंने आगे बताया कि बहुत दिनों से आवारा मवेशियों की शिकायत भी नहीं मिल रही थी इसीलिए उन कर्मचारियों को दूसरा काम दे दिया गया था। आपके द्वारा मामला संज्ञान में आया है कल की कल आवारा मवेशियों की धरपकड़ कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।

# वैवाहिक कार्यक्रम से घर वापस लौट रहे व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। खैरलांजी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खैरी मार्ग में बीती रात हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई ।मृतक का नाम थाना रामपायली ग्राम भेंडारा निवासी 35 वर्षीय अमित पिता धनीराम लिल्हारे बताया गया है जिसके शव का मंगलवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वही मामले की जांच के लिए डायरी अस्पताल चौकी पुलिस द्वारा खैरलांजी थाना पहुंचाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार भेंडारा निवासी अमित का एक लड़का और एक लड़की ऐसे दो बच्चे हैं। वह खेती-बाड़ी का काम कर ,अपने परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जा रहा है कि अमित सोमवार की शाम रिश्तेदारी की शादी में शामिल होने के ग्राम खैरी गया था ।जहा वैवाहिक कार्यक्रम के बाद जब वह घर वापस लौट रहा थाम तब खैरलांजी मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उसे ठोस मार दी और फरार हो गया। उधर अज्ञात वाहन की ठोस से अमित सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिस पर स्थानीय लोगों ने उन्हें खैरलांजी के अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार कर उनकी नाजुक स्थिति को देखते हुए वहां के चिकित्सकों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल बालाघाट रिफर कर दिया। जहां बालाघाट पहुंचने पर चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उधर अस्पताल से तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की, वही शव को अपने कब्जे में लिया ।उधर देर रात हुई मौत के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका ।जिसपर मंगलवार की सुबह अस्पताल चौकी पुलिस ने उनके परिजनों के बयान दर्ज कर जाफौ174 के तहत मृग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया है। तो वही मामले की जांच के लिए डायरी खैरलांजी थाना पहुंचाई गई है।




# लक्ष्य प्राप्ति पर लापरवाही बरतने पर 7 दिन का वेतन रोका

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडेय द्वारा पीवीजीटी एवं सामान्य आयुष्मान कार्ड, इकेवायसी के अंतर्गत लक्ष्य प्राप्त करने में लापरवाही बरतने पर 7 दिन का वेतन रोका गया है। जिसमे सीएचओ मयंक शुक्ला (नेवरवाही), सुशील गेडाम (मोहझरी), गुरुकुमार बम्हुरे (घोटी) तथा सीएचओ यादेश टेम्भरे ( कुल्पा) शामिल है। कार्य पूर्ण करने के पश्चात ही यह वेतन

# मोटरसाइकिल दुर्घटना में दो लोग घायल

बालाघाट( पद्मेश न्यूज)। जिला सिवनी के थाना उगली अंतर्गत आने वाले ग्राम जेवनारा में दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आपसी भिडंत में मोटरसाइकिल में सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां घायलों में एक की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल से रिफर कर दिया है जिसका उपचार नगर के एक निजी अस्पताल में जारी है। घायलों में थाना उगली ग्राम कनारी निवासी 35 वर्षीय चंद्रशेखर पिता कोमल शांडिल्य और कनारी निवासी भूरु चौकसे के नाम का समावेश है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कनारी निवासी चंद्रशेखर मजदूरी का कार्य करता है जो रोजाना की तरह गांव के ग्रामीण भूरू चौकसे के साथ काम की तलाश में जेवनारा गया था जहां से वापस होते समय अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते उन्हें ठोस मार दी और फरार हो गया ।जिस पर बाइक में सवार भूरू और चंद्रशेखर सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से निजी वाहन से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां भूरु की नाजुक हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल से रिफर कर दिया है ।तो वहीं चंद्रशेखर शाण्डिल्य का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट